वर्ष 14, अंक 32
गैरसैंण
सोमवार
22 मई 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित   डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये

## फैक्ट्री में काम कर रहे श्रमिक की सर्पदंश से मौत

**रुद्रपुर।** ग्राम सरकड़ा स्थित फाइबर कंपनी में काम कर रहे श्रमिक को सांप ने डस लिया। फैक्ट्री कर्मियों ने उसे नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में परिजन उसे झाड़फूंक के लिए ले गए। इस दौरान श्रमिक की मौत हो गई। शनिवार शाम सरकड़ा के फाइबर कंपनी में काम कर रहे वीर सिंह (34) पुत्र नेतराम निवासी ग्राम सिरसा, अमरिया पीलीभीत को सांप ने डस लिया। फैक्ट्री कर्मियों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन वीर को झाड़ फूंक के लिए ले गए। इस दौरान उसने दम तोड़ दिया। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस वीर सिंह को सरकारी अस्पताल ले आई। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। उधर, बाराकोली रेंज कर्मियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के दो नाबालिग बच्चे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जी-20 समिट से पहले एनआईए का बड़ा एक्शन, घाटी में जैश के आतंकी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली , एजेंसी।** जी20 की बैठक से पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक सदस्य को जम्मू-कश्मीर में आतंकी साजिश मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया। एनआईए ने कहा कि कुपवाड़ा जिला निवासी आरोपी मोहम्मद उबैद मलिक पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद कमांडर के लगातार संपर्क में था।

अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित कमांडर को विशेष रूप से सैनिकों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के बारे में गुप्त सूचना दे रहा था। एनआईए ने आरोपी के कब्जे से जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने में उसकी संलिप्तता को दशार्ने वाले विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए।यह मामला एनआईए द्वारा 21 जून 2022 को स्वतः संज्ञान में दर्ज किया गया था।

यह पाकिस्तान में स्थित अपने कमांडरों के साथ मिलकर विभिन्न अभियुक्त आतंकवादी संगठनों के कैडरों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) द्वारा रची गई साजिशों से संबंधित है। इसमें नशीले पदार्थों, नकदी, हथियारों, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेस (आईईडी), जिसमें रिमोट कंट्रोल से चलने वाले स्टिकी बम/चुंबकीय बम शामिल हैं, की विशाल खेपों का भंडारण और वितरण शामिल है।

### फोटो पंजीकरण के लिए उमड़ी तीर्थयात्रियों की भीड़

ऋषिकेश। पारा चढ़ते ही चारधाम यात्रा भी जोर पकड़ने लगी है। रविवार को फोटो पंजीकरण के लिए तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से दोपहर तक पंजीकरण केंद्र के आठ काउंटरों के सामने श्रद्धालु लंबी कतार में खड़े नजर आए। भीड़ के चलते अव्यवस्था नहीं हो, इसके लिए पंजीकरण केंद्र से तीर्थयात्रियों को संयम रखने और सामान की सुरक्षा स्वयं करने के लिए बार-बार अनाउंस करना पड़ा। ऋषिकेश में पंजीकरण एवं ट्रांजिट कैंप तीर्थयात्रियों से गुलजार होने लगा है।

फोटो पंजीकरण काउंटर के साथ ट्रांजिट कैंप परिसर में जहां-तहां यात्री नजर आने लगे हैं। चारधाम यात्रा आरंभ होने के करीब एक महीने बाद रविवार को बड़ी संख्या में तीर्थयात्री ट्रांजिट कैंप पहुंचे।

### कोविड-19 ने स्वास्थ्य क्षेत्र में आपसी सहयोग की जरूरत को किया उजागर

## भारत ने दिखाई अपनी प्रतिबद्धता: पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन को 75 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने 76वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के मौके पर स्वास्थ्य क्षेत्र में आपसी सहयोग की जरूरत पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं डब्ल्यूएचओ को मानवता की सेवा में 75 साल पूरे करने के एतिहासिक मौके पर बधाई देता हूं। मुझे यकीन है कि डब्ल्यूएचओ अगले 25 वर्षों के लिए लक्ष्य निर्धारित कर रहा होगा जब वह सेवा के 100 साल तक पहुंच जाएगा।

उन्होंने कहा कि संकट के समय भारत ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। हमने 100 से अधिक देशों को लगभग 300 मिलियन खुराकें भेजीं। इनमें से कई देश ग्लोबल साउथ से थे।

इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि डब्ल्यूएचओ का पहला वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र भारत में स्थापित किया जा रहा है।



मुझे इस बात की भी खुशी है कि दुनिया मिलेट्स के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के माध्यम से बाजरा के महत्व को पहचान रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता, पहुंच और सामर्थ्य पर काम किया है।

चाहे वह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना हो, आयुष्मान भारत हो, या स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में भारी उछाल हो, या फिर लाखों परिवारों को स्वच्छता और पेयजल उपलब्ध कराने का अधिकार हो। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर हैं। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण में पापुआ न्यू गिनी पहुंचे, जहां पर वहां के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## बेंगलुरु में भारी बारिश से उखड़े पेड़, बहुमंजिला इमारत हुई धराशायी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रविवार की दोपहर भारी बारिश हुई। बारिश के बदले मिजाज ने मुसीबत खड़ी कर दी है। भारी बारिश के कारण शहर के कई पेड़ उखड़ गए हैं। बेंगलुरु के कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है। इसके साथ ही भीषण बारिश के बाद बेंगलुरु के कई हिस्सों में गंभीर जलभराव देखा जा है।

कर्नाटक, बेंगलुरु के विद्यारण्यपुरा में भारी बारिश के बाद शहर में एक पुरानी बहुमंजिला इमारत धराशायी हो गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कर्नाटक के



सीएम सिद्दरमैया ने बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया है। साथ ही सीएम ने शहर के केआर सर्कल इलाके में जलभराव वाले अंडरपास में डूबने से मरने वाली 23 वर्षीय महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर बहुत से यूजर्स बारिश के साथ-साथ ओले की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। ट्विटर पर वीडियो और तस्वीरों की बाढ़ आ गई है। यूजर्स झमाझम हो रही बारिश का वीडियो साझा करते हुए इसे प्री-मानसून बता रहे हैं।

## उत्तराखंड में चक्रवाती तूफान का अलर्ट

**देहरादून , एजेंसी।** उत्तराखंड में मौसम विभाग ने 22 से 27 मई तक चक्रवाती तूफान का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की इस चेतावनी के बाद उत्तरांचल पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने सभी अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। 27 मई तक सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में तैनात रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

बीते 18 मई को आई जबरदस्त आंधी और बारिश के कारण उत्तराखंड में पेड़ गिरने से कई जगहों पर बिजली की लाइनें टूट गई थी और कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। आंधी से हुए नुकसान के बीच शुक्रवार तक यूपीसीएल ने अधिकांश स्थानों पर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। अब मौसम विभाग ने 27 मई तक चक्रवाती तूफान का अलर्ट जारी किया है। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार के अनुसार बीते 18 मई को आंधी और बारिश से गढ़वाल और कुमाऊं में पेड़ गिरने से कई जगह लाइनें टूट गई जबकि ट्रांसफार्मरों को भी नुकसान पहुंचा है।अनिल कुमार ने कहा कि मौसम विभाग ने 22 से 27 मई तक चक्रवाती तूफान का अलर्ट जारी किया है। इसको देखते हुए उन्होंने सभी क्षेत्र इकाइयों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर मौसम विभाग के इस अलर्ट के बाद चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं से भी सुरक्षित रहने की अपील की जा रही है।


## सिद्दरमैया के शपथ ग्रहण में दिखी 'विपक्षी एकता' को लेकर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व कांग्रेस नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए अभी विपक्ष को बहुत कुछ करने की जरूरत है। सिद्दरमैया के शपथ ग्रहण में विपक्ष की एकता को देखते हुए कपिल सिब्बल ने एक ट्वीट किया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या विपक्षी एकता का केवल यही संकेत है कि बड़ी संख्या में विपक्ष के नेता मौजूद रहे।पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने अपना प्वाइंट ऑफ व्यू रखते हुए कहा कि विपक्षी एकता के लिए इस तरह के मेगा शो से ज्यादा कई और चीजों की भी जरूरत है।

## गौंडार गांव पहुंची उत्सव डोली, आज विधि-विधान के साथ खुलेंगे द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट

**ऊखीमठ(रुद्रप्रयाग)।** सोमवार सुबह 11 बजे कर्क लग्न में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट विधि-विधान के साथ खोल दिए जाएंगे। इसके बाद आराध्य की छह माह की पूजा-अर्चना मंदिर में ही होगी। रविवार को रांसी गांव से अपने मूल मंदिर के लिए प्रस्थान करते हुए आराध्य की चल उत्सव विग्रह डोली गौंडार गांव पहुंची। जहां पर ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ डोली का भव्य स्वागत करते हुए सामूहिक अर्घ्य लगाया।

रविवार सुबह 7 बजे राकेश्वरी मंदिर रांसी गांव में मां भगवती के पुजारी और द्वितीय केदार



मद्महेश्वर के लिए नियुक्त पुजारी बागेश लिंग ने देवी राकेश्वरी और द्वितीय केदार मद्महेश्वर की संयुक्त पूजा की और भोग लगाया।

प्रातः 9 बजे भक्तों के जयकारों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ द्वितीय केदार मद्महेश्वर की चल उत्सव विग्रह डोली ने अपने मूल मंदिर मद्महेश्वर के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान अकतोली बैंड तक रांसी गांव के ग्रामीण अपने आराध्य को विदा करने पहुंचे। बांज, बुरांस के घने जंगल के बीच से छह किमी पैदल दूरी तय करते हुए डोली पंच गौंडारियों की मौजूदगी में सुबह 10.30 बजे गौंडार गांव के पंचायत चौक पर पहुंची। इस मौके पर पूरा गांव बाबा मद्महेश्वर के जयकारों से गूंज उठा।

रात को गौंडार गांव में बाबा मद्महेश्वर की विशेष पूजा की गई। साथ ही महिला व युवक मंगल दल ने भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी। द्वितीय केदार यात्रा प्रभारी रमेश नेगी एवं डोली प्रभारी दीपक पंवार ने बताया कि सोमवार को प्रातः 6 बजे चल उत्सव विग्रह डोली अपने मूल मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी और सुबह 10 बजे देवदर्शनी पहुंचेगी। इसके बाद पूर्वाह्न 11 बजे कर्क लग्न में द्वितीय केदार मद्महेश्वर मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान वीर सिंह पंवार, जमाणी शिव सिंह रावत, वन पंचायत सरपंच शिशुपाल सिंह पंवार, मदन सिंह पंवार, लव पंवार, शिक्षक दीपक रावत, शिक्षक रामदत्त गोस्वामी, शिव प्रसाद और जगत सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

## महाराज ने रुड़की को दिया 88 लाख 73 हजार की लागत की योजनाओं का तोहफा




### जन-सुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त 106 आवेदनों में से 73 का मौके पर ही निस्तारण

हरिद्वार। प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबन्धन एवं भारत नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजना मंत्री सतपाल महाराज ने रूड़की में 88 करोड़ 73 लाख की लागत की अनेक विकास योजनाओं का लोकार्पण किया।प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबन्धन एवं भारत नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजना मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को ब्लॉक रूड़की में रामनगर स्थित रामलीला ग्राउण्ड में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 88.73 लाख रूपये की लागत की अनेक विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। जिला योजना वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत रूड़की के आकाशदीप फेज-3 में पेसिफिक होटल के पीछे देवेन्द्र कुमार के मकान से हरेन्द्र के मकान की ओर सी०सी० इन्टरलोकिग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य, रूड़की के आसफनगर के लक्ष्मीपुरम में पूजा बुटिक से श्री गुप्ता की ओर सी०सी० इन्टरलोकिग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य, गणेश विहार में गणेश विहार द्वार 23 गेट से मास्टर के मकान तक सी०सी० द्वारा मार्ग का निर्माण कार्य, आर्य विहार में आर्य विहार द्वार से गौतम के मकान तक सी०सी० द्वारा मार्ग का निर्माण कार्य, रूड़की के वार्ड नं0 37 पुरानी. तहसील के ईदगाह एन्कलेव में पी०जी० से बशीर एन्कलेव तक सी०सी० सड़क व दोनों ओर नाली निर्माण कार्य, रूड़की के वार्ड नं0-29 में बर्फ खाने वाली सड़क का सी०सी० इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा किये गये निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। सतपाल महाराज ने इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से नौ महिला लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट, राजस्व विभाग की ओर से पांच लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष का चेक वितरण, उद्यान विभाग की ओर से पांच लाभार्थियों को फसल दवाई किट/स्प्रे मशीन, एनआरएलएम की ओर से तीन एसएचजी को सीआईएफ की धनराशि का वितरण तथा सहकारिता विभाग की ओर से 17 लाभार्थियों को पण्डित दीन दयाल उपाध्याय कल्याण योजना के अन्तर्गत ब्याज रहित ऋण का वितरण किया। शेष पृष्ठ 5 पर

## समीर वानखेड़े की बढ़ेंगी मुश्किलें!

**मुंबई , एजेंसी।** एनसीबी के मुंबई जोन के पूर्व डायरेक्टर समीर वानखेड़े की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सीबीआई के बाद समीर वानखेड़े का गृह कैडर सीबीआईसी इस मामले में उनके खिलाफ एक्शन ले सकता है। विजिलेंस रिपोर्ट मिलने के बाद सीबीआईसी ने विभागीय जांच शुरू कर दी है। समीर वानखेड़े मौजूदा समय मे चेन्नई में केंद्र सरकार के सीबीआईसी विभाग में ही पोस्टेड हैं गौरतलब है कि मुंबई में एनसीबी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशकसमीर वानखेड़े कोर्डेलिया क्रूज से ड्रग्स की जब्ती के मामले में सुपर स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का नाम शामिल नहीं करने के एवज में उनसे कथित रूप से 25 करोड़ रुपये मांगने से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को सीबीआई के सामने पेश हुए। वानखेड़े सीबीआई के बांद्रा-कुर्ला परिसर स्थित ऑफिस में सबेरे सवा 10 बजे के आसपास पहुंचे।

## जी 20 बैठक में बदलाव: अब गुलमार्ग नहीं जाएंगे विदेशी मेहमान

**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयारियां जोरों पर है। इस बीच कार्यक्रम में बड़े बदलाव की बात सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी विदेशी मेहमान अब गुलमर्ग नहीं जाएंगे।

उधर सभी एजेंसियों ने साथ मिलकर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया है। इसी की कड़ी के चलते विश्व प्रसिद्ध डल झील में सीआरपीएफ की विशेष वैली क्यूएटी (क्विक एक्शन टीम) द्वारा मॉक ड्रिल की गई।श्रीनगर की डल झील के किनारे स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कांफ्रेंस सेंटर (एसकेआईसी) मुख्य स्थल है, जहां जी20 बैठक का



आयोजन किया जा रहा है के आसपास सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। झील में सुरक्षा के स्तर को उच्च बनाने के लिए विशेष रूप से मार्कोस पहले से तैनात किये गए हैं। सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होने जा रहा है जिसमें किसी तरह की चूक की कोई गुंजाइश नहीं है।उन्होंने बताया कि इसलिए सभी सुरक्षा एजेंसियां समन्वय के साथ आतंकवादियों ने नापाक मंसूबों को विफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने में जुटे हुए हैं।

## सोनिया व खडग़े ने पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 32वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। खडग़े ने वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की, जिनकी , एजेंर्सी, 1991 को हत्या कर दी गई थी।

राहुल गांधी ने ट्विटर पर अपने पिता का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने कहा, पापा, आप हमेशा मेरे साथ हैं, प्रेरणा में और मेरी यादों में। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए कहा, भारत पुराना देश है, लेकिन युवा राष्ट्र है, मैं भारत का सपना देखता हूं मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और दुनिया के राष्ट्रों की अग्रिम पंक्ति में व मानव जाति की सेवा में। राजीव गांधी के शब्द हम सभी के मन में गूंजते रहते हैं। 21वीं सदी का भारत अपनी कई उपलब्धियों का श्रेय इस दूरदर्शी नेता को देता है, जिन्होंने न केवल देश को प्रगति और आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर किया, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष लोकाचार की जड़ों को भी मजबूत किया।

### 2,000 रुपये के नोट को लेकर एसबीआई का आया बयान

## नोट बदलने के लिए नहीं होगी किसी फॉर्म या पहचान पत्र की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने सभी स्थानीय प्रधान कार्यालयों के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कहा है कि आम जनता को एक बार में कुल 20,000 रुपये तक के 2,000 रुपये के नोटों को बदलने के लिए किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होगी।स्टेट बैंक इंडिया (एसबीआई) की तरफ से 2000 रुपये के नोट को लेकर हाल ही में नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसके मुताबिक जिन लोगों को नोट बदलने हैं उन्हें नोट बदलने के लिए किसी आईडी की जरुरत नहीं होगी। नोट बदलवाने के लिए लोगों को किसी तरह की आईडी नहीं देनी होगी यहां तक किसी तरह का फॉर्म भी उन्हें भरने की जरुरत नहीं होगी। एसबीआई ने साफ किया है कि नोट बदलने के लिए एक बार में अधिकतम 10 नोट दिए जा सकेंगे यानी 20 हजार रुपये के नोट बदलवाए जा सकेंगे।इस संबंध में एसबीआई ने नोटिफिकशन भी जारी कर दिया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। इन नोटों को बैंक खातों में जमा करने या बदलने



के लिए जनता को 30 सितंबर तक का समय दिया गया। हालांकि, 2000 रुपये का नोट 30 सितंबर तक वैध मुद्रा बना रहेगा, जबकि नवंबर, 2016 की नोटबंदी में 500 रुपये और 1,000 रुपये के नोटों को रातोंरात अमान्य कर दिया गया था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने सभी स्थानीय प्रधान कार्यालयों के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कहा है कि आम जनता को एक बार में कुल 20,000 रुपये तक के 2,000 रुपये के नोटों को बदलने के लिए किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होगी। ऐसे नोटों को अपने खाते में जमा करने के लिए रिजर्व बैंक ने कोई सीमा नहीं तय की है। इसके लिए 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) मानदंडों और अन्य लागू वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। वहीं जमा कराने को लेकर बैंक के मूल नियमों का पालन करना होगा।

बैंक ने 20 मई को जारी नोटिफिकेशन में कहा कहा, ''विनिमय के समय कोई पहचान प्रमाण प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं है।'' इस संबंध में सोशल मीडिया पर कई भ्रामक जानकारियां भी फैलाई जा रही हैं जो सही नहीं है। एसबीआई ने अपने स्थानीय प्रधान कार्यालयों को जनता के लिए सभी तरह के सहयोग की व्यवस्था करने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए कोई कितनी भी बार कतार में खड़ा हो सकता है। नोट बदलने की सुविधा 23 मई से उपलब्ध है, लेकिन कई ग्राहक शनिवार को 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए अपनी शाखाओं में पहुंचे, जिन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया।

# साहित्यकार दनोसी को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** उत्तराखंड भाषा संस्थान के प्रतिष्ठित गोविंद चातक पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार इंजिनियर बिहारी लाल दनोसी के 80वें जन्मदिवस पर प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर साहित्यकार दनोसी को सहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानति भी किया।

शनिवार देर शाम पौड़ी के सर्किट हाउस में प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान साहित्यकार इंजीनियर बिहारी लाल दनोसी के साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को सराहा गया। एससी एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन पौड़ी के अध्यक्ष जीएस कौंडल ने साहित्यकार दनोसी के जीवन पर परिचय डाला।

कहा कि उनका जीवन गरीबी में बीता। वे नगर पालिका वार्ड 11 के टी स्टेट गडोली जिला पौड़ी गढ़वाल के मूल निवासी है। उनके द्वारा ने 15 किताबों का प्रकाशन किया गया। उन्हें साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने पर कई सम्मानों से सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गणेश खुगशाल, त्रिभुवन उनियाल, रूकमणी देवी आदि को भी सम्मानति किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रादेशिक शिल्पकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष हरीश शाह व संचालन जेपी टम्टा ने किया। इस अवसर पर उनके छोटे भाई प्रेम सिंह दनोसी, पुत्री लक्ष्मी दनोसी दिनेश टम्टा, विनोद दनोसी, अनुकेत दनोसी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को किया याद

## कार्यकर्ताओं ने पुण्य तिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि



कोटद्वार में स्व.राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने देश हित में राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि देश की उन्नति के लिए दिया गया राजीव गांधी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

व्यापार मंडल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि उनकी आधुनिक सोच और दूरदर्शिता से देश को एक नई दिशा मिली। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने विज्ञान और टेक्नोलोजी के लिए सरकारी बजट को बढ़ाया। देश की दो बड़ी संचार कंपनी एमटीएनएल और बीएसएनएल की शुरूआत सहित ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना भी उन्हीं के कार्यकाल में हुई। मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि देने वालों में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, अंकुश घिल्डियाल, हेमचंद पंवार, सुनीता बिष्ट, विजय माहेश्वरी, आशुतोष वर्मा, ओमप्रकाश कोटला, जनक भाटिया और राकेश आर्य आदि शामिल थे।

# पुण्य तिथि पर जगमोहन सिंह आर्य को दी श्रद्धांजलि



जगमोहन सिंह आर्य को श्रद्धांजलि देते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पूर्व सैनिक जगमोहन सिंह आर्य की 17वीं पुण्य तिथि के अवसर पर शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सिम्मल चौड़ स्थित कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन संरक्षक सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि 90 के दशक में उन्हें जगमोहन आर्य के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों में कार्य करने का अवसर मिला। कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के कमजोर वर्ग को उनके संवैधानिक अधिकार दिलाने में लगा दिया। संगठन अध्यक्ष विकास आर्य ने कहा कि वे अंधविश्वास और पाखंड के घोर विरोधी थे। अनूप कुमार पाठक ने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान विनीता भारती, केसीराम निराला, बुद्धिप्रकाश, धीरजधर बछ्वाण और जगदीप सिंह आर्य सहित संगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# झंडीचौड़ भूमि घोटाले में फरार दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत झंडीचौड़ पूर्वी में हुए भूमि घोटाले के फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में तीन लोगों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

मालूम हो कि अक्टूबर माह में झंडीचौड़ पूर्वी में जीवित व्यक्ति को मृत बताकर उसकी नाम की भूमि अपने नाम करवाने का मामला प्रकाश में आया था। झंडीचौड़ पूर्वी निवासी शीला देवी ने कोतवाली में इसकी तहरीर दी। जिसमें उनका कहना था कि पुरूषोत्तम नाम का एक व्यक्ति स्वयं को उसके भाई सतीश पाल सिंह उर्फ सत्यपाल का पुत्र बताया। उक्त व्यक्ति ने उसके भाई सतीश को 1998 से लापता बताते हुए न्यायालय में एक वाद दायर किया और वर्ष 2019 में उसने न्यायालय को गुमराह करते हुए सतीश को मृत घोषित करवा दिया। इसके बाद झंडीचौड़ पूर्वी व झंडीचौड़ पश्चिमी में उनके भाई के नाम पर दर्ज जमीनों को अपने नाम पर करवा दिया। तहरीर में बताया कि उनके भाई सतीश जीवित है व 2009 से 2015 के मध्य उनके भाई ने समय–समय पर अपनी भूमि क्रय–विक्रय की। आरोपितों ने क्षेत्र के पार्षद की फर्जी मोहर बनाकर न्यायालय में चले वाद के दौरान इस मोहर का दुरूपयोग किया। साथ ही पार्षद के फर्जी हस्ताक्षर भी किए। तहरीर में कहा गया कि इस पूरे मामले में पुरूषोत्तम के साथ ही अन्य जन भी लिप्त हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद बीती दस मई को पुलिस ने मामले में लिप्त पुरूषोत्तम के साथ ही झंडीचौड़ निवासी सुनील पुत्र स्व.राम सिंह और जनपद बिजनौर के अंतर्गत ग्राम अरजनीपुर–पाडला निवासी पुष्पा देवी पत्नी महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर दिया गया।इस मामले में पुलिस ने दो फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में पश्चिमी झंडीचौड़ निवासी महेंद्र पुत्र सुरेंद्र और उत्तरी झंडीचौड़ निवासी यतेंद्र पुत्र कुंदन सिंह को गिरफ्तार किया गया है।



कोतवाली पुलिस हिरासत में पकड़े गए भूमि घपले के आरोपी

# सेतु सहित लिंक मोटर मार्ग निर्माण की मांग

**कोटद्वारः** लैंसडौन विधानसभा के रिखणीखाल ब्लाक के बाड़ासैण से दुनाव तक सेतु सहित लिंक मोटरमार्ग के जल्द निर्माण की मांग उठाई गई है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता कलम सिंह रावत ने गुरुवार को डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर जल्द ही समस्या के हल की मांग उठाई। कहा कि पिछले लंबे समय से इस सेतु व लिंक मोटरमार्ग के निर्माण की मांग उठाई जा रही है लेकिन शासन व प्रशासन की हीलाहवाली के चलते कार्य नहीं होने से ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द ही बाड़ासैण से दुनाव तक सेतु सहित लिंक मोटरमार्ग के जल्द बाड़ासैण से दुनाव तक सेतु सहित लिंक मोटरमार्ग का निर्माण करने की मांग की है।

# पूर्व प्रधानमंत्री के योगदान को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी।** युवा कांग्रेस पौड़ी के द्वारा कांग्रेस कार्यालय में स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित सिंह ने कहा कि राजीव गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री रहते हुए इस देश के विकास में अहम योगदान दिया है जिसको कभी भुलाया नही जा सकता है चाहे वह पंचायती राज व्यवस्था हो या आधुनिक कंप्यूटर का युग रहा हो जिसके कारण भारत को पूरे विश्व मे एक अलग पहचान मिली है। कहा कि उनके द्वारा जो राजनीति में सद्भावना परिचय जो आज के समय मे मिलता है वह कहीं भी और देखने को नही मिलता है। इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष संजना गुजराल, छात्रसंघ सचिव मुकुल कुमार, अमन नेगी, अमन सिद्क़्क़ी, रेहान, शुभम कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों को बांटी सामग्री

**पौड़ी।** ऐन इनिसिएटिव टच योर सोल संस्था द्वारा विभिन्न स्कूलों में बच्चों को स्कूल जूते व मौजे वितरित किए गए। संस्था के कॉडिनेटर भानुप्रकाश बमराड़ा ने बताया कि संस्था ने प्राइमरी स्कूल खोलाचौंरी, श्रीखुन, कोट इंटर कालेज, क्यार्क इंटर कालेज, भुवनेश्वरी संस्कृत विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों में जाकर टच योर सोल संस्था द्वारा जूते व मौजे वितरित किए गए।

# सट्टे की पर्ची व नगदी के साथ व्यक्ति गिरफ्तार



कोटद्वार कोतवाली में सट्टे की पर्ची के साथ पकड़ा गया आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोतवाली पुलिस ने सट्टे की पर्ची व करीब सात हजार चार सौ रुपये के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। व्यक्ति पिछले कई माह से क्षेत्र में सट्टा खिलवाने का कार्य कर रहा था।

बाजार चौकी इंचार्ज प्रद्युमन सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस सट्टे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसके तहत पुलिस को सूचना मिली कि लकड़ीपड़ाव निवासी अजय पुत्र छेदी लाल क्षेत्र में सट्टा खिलवाने का कार्य कर रहा है। बताया कि सूचना के बाद जब व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसकी जेब से सट्टे की पर्ची व सात हजार चार सौ बीस रुपये बरामद हो गए। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही प्रदेश सरकारः कांग्रेस

विकासनगर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शक्ति नहर के क्लोजर के नाम पर यूजेवीएनल और प्रदेश सरकार पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्लोजर के दौरान घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश के स्टोन क्रेशरों से डाकपत्थर बैराज के रास्ते उप खनिज लेकर आ रहे वाहनों की अवैध तौर पर निकासी की जा रही है। तिलक भवन में मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि डाकपत्थर से कुल्हाल तक शक्ति नहर के क्लोजर में किये जा रहे मरम्मत के कायो के लिए शासन द्वारा करोड़ों का बजट स्वीकृत किया गया है। लेकिन जल विद्युत निगम बेहद घटिया निर्माण सामग्री लगाकर मरम्मत के कार्य में सिर्फ लीपापोती कर रहा है। कहा कि शासन द्वारा 25 मई तक इस मरम्मत कार्य को पूरा करने कि अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। लेकिन अभी तक हुए कार्य से साफ अंदाजा लगाया जा सकता है सिर्फ सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है। अब 25 मई को नहर में पानी छोड़ने के बाद यूजेवीएनएल का भ्रष्टाचार भी पानी में बह जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मरम्मत के नाम पर अवैध तरीके से खनन सामग्री की हिमाचल प्रदेश से निकासी कराई जा रही है। डाकपत्थर बैराज पर तैनात कर्मचारियों को यूजेवीएनएल अधिकारियों की ओर से वाहनों की सूची थमा दी गई है, जिससे इन वाहनों से कोई शुल्क नहीं वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूजेवीएनएल अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि जो मरम्मत कार्य चल रहा वो गुणवत्तापरक और मानकों के अनुरूप हो। लेकिन मौके पर कोई भी अधिकारी कार्य का निरीक्षण करने नहीं जाता है। कहा कि जिम्मेदार भ्रष्टाचार का तमाशा देखकर नहर में पानी छोड़े जाने का इंतजार कर रहे हैं।

# कोटद्वार में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग का जल्द करें निर्माण कार्य शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के सचिव को कोटद्वार में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि कोटद्वार में सनेह क्षेत्र से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्रस्तावित किया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के सचिव अनुराज जैन से मुलाकात की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार में सनेह, लालपानी, रतनुपर, जीतपुर कुंभीचौड़ क्षेत्र से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण को मंजूरी मिली है। इसके लिए सर्वे का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। ऐसे में अब जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य को धरातल पर शुरू किया जाना चाहिए। कहा कि शहर के बाहर से राष्ट्रीय राजमार्ग निकले के बाद क्षेत्रीय जनता को बेहतर यातायात सुविधा का लाभ मिलेगा। साथ ही विस अध्यक्ष ने विकासखंड दुगड्डा में कोल्हू चौड़ नदी पर सेतु निर्माण के भी निर्देश दिए।



दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग सचिव से मुलाकत करती विस अध्यक्ष

# कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया याद

ऋषिकेश। पुण्यतिथि पर जगह–जगह कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से राजीव गांधी के विचारों का अनुसरण करने का आह्वान किया। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम परिसर स्थित राजीव गांधी पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकर्ताओं ने पार्क में लगी स्व. राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखकर देश को एक नई दिशा देने का कार्य किया। राजीव गांधी एक ऐसे कर्मयोगी रहे, जिनकी जीवन यात्रा में मानवता, सहजता, सरलता के कई मुकाम रहे हैं। इस दौरान उत्तराखंड के शहीदों को याद करते हुए वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी वेद प्रकाश शर्मा को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर जयेंद्र रमोला, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम तिवारी, विमला रावत, मदन मोहन शर्मा, पार्षद देवेन्द्र प्रजापति, पार्षद पुष्पा मिश्रा, पार्षद विजय लक्ष्मी शर्मा, पार्षद शकुंतला शर्मा, पार्षद जगत सिंह नेगी, मधु जोशी, कमलेश शर्मा, विमला रावत, बीएस पयाल, ओम सिंह पंवार, ललित मोहन मिश्र, धर्मेंद्र गुलियाल, अशोक शर्मा, मनीष जाटव, विश्वजीत अधिकारी, विशाल भारती, विकाश केवट, निशांत बागड़ी, जतिन जाटव, मुकेश जाटव, कपिल शर्मा, ऋषि सिंघल, राम कुमार बतलिया, विवेक तिवारी, पुरंजय भारद्वाज, अनीश पुनिया, कार्तिक, आशीष आदि उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग के अभियंता कार्य के दौरान करें नवीनतम तकनीकी का इस्तेमाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादूनः** प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करने करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि प्रकृति जनित चुनौतियों का सामना करने के लिए भी अधिकारियों को तैयार रहने की आवश्यकता है।

प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को आई.एस.बी.टी. स्थित इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनिर्यस के सभागार में आयोजित उत्तराखण्ड सिंचाई अभियन्ता एसोसिएशन के प्रथम महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंन कहा कि सिंचाई विभाग के अभियंताओं की समस्याओं को सुनने के साथ–साथ उनका हर संभव निराकरण का प्रयास किया जायेगा। उन्होने अभियंताओं को विकास कार्यों में गुणवत्ता लाने के साथ–साथ विभाग में कार्य संस्कृति विकसित करने पर भी जोर दिया।

सिंचाई मंत्री ने अभियंताओं को नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करने के साथ–साथ कार्य के दौरान आ रही प्रकृति जनित चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयारी करने को कहा। इस मौके पर उत्तराखण्ड सिंचाई अभियन्ता एसोसिएशन ने सिंचाई मंत्री को एक मांग पत्र भी सौंपा मांग पत्र में सेवा में शिथिलीकरण का लाभ पुनः लागू किये जाने, विभागीय ढांचे में पदों को कम न करने, सिंचाई विभाग को पर्यटन विभाग की कार्यदायी संस्था के रूप में नामित करने हेतु शासनादेश किये जाने, सीधी भर्ती के सहायक अभियन्ताओं की नियुक्ति प्रत्येक वर्ष करने, सीधी भर्ती एवं पदोन्नति के अनुपात को पूर्व की भांति करने और सिंचाई विभाग में ज्येष्ठता सम्बन्धी विवादों के समाधान हेतु त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। इस अवसर पर सचिव सिंचाई हरिचन्द सेमवाल, प्रमुख अभियन्ता जयपाल सिंह, ए.के. दिनकर, सुभाष पाण्डे, उत्तराखण्ड सिंचाई अभियन्ता एसोसिएशन अध्यक्ष, हर्ष कुमार कटियार आदि उपस्थित थे।



देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज।

# कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग की पात्रो रेंज में एक बाघिन की मौत हो गई। महकमा बाघिन की मौत को प्राकृतिक बता रहा है। कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को प्रभात की पाखरो रेंज के अंतर्गत धौलखंड बीट में एक बाघिन बीमार हालत में मिली। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित ध्यानी ने बाघिन का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

बाघिन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेस्क्यू सेंटर में शिफ्ट करने की तैयारी शुरू हो गई। लेकिन रेस्क्यू सेंटर पहुंचाने से पूर्व ही बाघिन ने दम तोड़ दिया। शनिवार को बाघिन को वापस पाखरो रेंज कार्यालय में लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को नष्ट कर दिया गया। बताया कि बाघिन वृद्ध थी।

# ईमानदारी की मिशाल पेश की,श्रद्धालु का पर्स सकुशल लौटाया



रुद्रप्रयाग। 20/21 मई की रात्रि को एक श्रद्धालु सनी मनोज निवासी शिव मंदिर पुणे, महाराष्ट जो अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम दर्शन करके वापस लौट रहे थे। रास्ते में अल्प विश्राम करते हुए यात्रा पड़ाव बड़ी लैंचोली में इनकी पत्नी का लेडीज हैंड पर्स छूट गया था, जिसकी जानकारी इनको भीमबली पहुंचने पर हुई। ये लोग भीमबली पुलिस चौकी पर गये, जहां पर इनके द्वारा अपनी आपबीती सुनाई गयी। पुलिस ने इनकी समस्या सुनकर सूचना चौकी लैंचोली भिजवायी गयी। अब यह भी नहीं कह सकते कि बैग सुरक्षित है भी कि, नहीं। वास्तविक तौर पर ये कहॉं पर रुके होंगे, इतना अंदाजा तो इन श्रद्धालुओं को भी नहीं था। फिर भी चौकी लैंचोली पुलिस ने अपने स्तर से ढूंढखोज व पूछताछ की तो सौभाग्य से लैंचोली में स्थानीय दुकानदार ने उक्त पर्स को सुरक्षित अपने पास रखा था, और इसी इन्तजारी में थे कि कोई न कोई इसे लेने तो आयेगा, नहीं तो कुछ देर बाद पुलिस चौकी के सुपुर्द करने ही वाले थे कि पुलिस चौकी लैंचोली का स्टाफ खुद ही उन तक पहुंच गया। खैर बैग तो मिल ही गया था, पर समय ऐसा था कि आवाजाही न के बराबर थी। श्रद्धालु का भी तकरीबन 5 कि0मी0 वापस जा पाना नामुमकिन सा था। ऐसे में चौकी भीमबली में नियुक्त आरक्षी नवीन ने जीवटता का परिचय दिखाते हुए लैंचोली के लिए रवाना होकर, तकरीबन 10 कि0मी0 (आना जाना सहित) पैदल चलकर पर्स को सुरक्षित भीमबली लाया गया। तदोपरान्त पर्स को श्रद्धालु के सुपुर्द किया गया। इस पर्स में इनके 3 मोबाइल फोन, नगद पैसे, जरूरी कागजात थे, जो कि इनको सुरक्षित मिले। इनके द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस का आभार प्रकट किया ।

## नमो एप के नव नियुक्त जिला संयोजक का स्वागत किया

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को हरिपुर व कालसी में पार्टी द्वारा नवनियुक्त किये गए नमो एप के जिला संयोजक का स्वागत किया। नमो ऐप के प्रदेश संयोजक अनूप सिंह के प्रति अभार प्रकट किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा हरिपुर से कालसी तक जलूस भी निकाला गया। हरिपुर, कालसी पहुंचने पर जिला संयोजक सरेश रावत का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर अपनी खुशी जाहीर की। प्रधान संगठन के अध्यक्ष जवाहर सिंह चकित ने बताया कि यह क्षेत्र का सौभाग्य है कि पछवादून क्षेत्र की तीन विधानसभाओं के नमो ऐप का संयोजक सुरेश रावत को बनाया गया। बताया इससे तीनों विधानसभा में पार्टी को मजबूती मिलेगी और उनके दिशा निर्देशन में पार्टी आगे बढ़ेगी।

# पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कॉंग्रेसियों ने की श्रद्धांजलि अर्पित




विकासनगर। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिलक भवन में एकत्र होकर उन्हें नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के आदर्शों पर चलते हुए उनके सपने का भारत बनाने का संकल्प लिया।

कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने स्व. पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजीव गांधी भारत में सूचना क्रांति के जनक थे। आज जिस डिजिटल इंडिया की बात होती है, उसकी नींव रखने वाले राजीव गांधी ही थे। कांग्रेस सेवा दल के प्रवक्ता भास्कर चुग ने कहा कि राष्ट्र के शहीद और उनके परिवार राष्ट्र की धरोहर होते हैं। लेकिन इन दिनों शहीदों का बार–बार अपमान करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया की राजीव गांधी कि दूरदर्शिता ही थी कि उन्होंने श्रीलंका में शांति सेना भेजकर वहां चल रहे अलग तमिल राष्ट्र बनाने के आंदोलन के विरूद्ध स्टैंड लिया। कहा कि उन्होंन राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिया यह निर्णय लिया। इसी वजह से उनको अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। पीसीसी सदस्य संजय जैन ने कहा कि आज देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार को अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## महमूदनगर शंकरपुर में गुलदार की दहशत, ग्रामीण दे रहे सामुहिक रूप से पहरा

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक के महमूदनगर शंकरपुर गांव में आये नयें गुलदार के आतंक से लोग भयभीत हैं। गांव के लोगों में गुलदार को लेकर खौफ बढता जा रहा है। गुलदार रात दिन गांव में चक्कर काट रहा है। गुलदार के भय दहशत में आये ग्रामीण अब अपने परिजनों की रक्षा को लेकर खुद ही लाठी–डंडे उठाकर सामूहिक रूप से गांव में पहरा दे रहे हैं। शनिवार की रात को फिर गुलदार सारा इंडस्ट्री के आसपास दिखाई दिया। पिछले दिनों महमूदनगर शंकरपुर में एक गुलदार आ धमका। हालांकि गुलदार ने अब तक किसी मानव पर हमला नहीं बोला है, लेकिन दो बकरियों को मारकर खा चुका है। गुलदार लगातार गांव में चहलकदमी कर रहा है। सुबह से लेकर रात दिन लगातार गांव में गुलदार चक्कर काट रहा है। जिसके चलते महमूदनगर शंकरपुर गांव के लोग गुलदार के आतंक के साये में जीने को मजबूर हैं। वन विभाग लगातार गश्त कर रहा है और दो पिंजरे गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में लगाये हैं। अभी गुलदार पिंजरे में कैद तो नहीं हुआ है। ग्रामीणों की मानें तो शनिवार देर रात को गुलदार महमूदनगर जाने वाले रास्ते पर सारा इंडस्ट्री के पास चहलकदमी करते हुए दिखाई दिया। जिसके बाद पूरे महमूदनगर शंकरपुर गांव के लोग अपने परिजनों की रक्षा के लिए लाठी डंडों को लेकर सड़क पर उतर आये।

## पुण्यतिथि पर स्व राजीव गांधी को किया याद

नई टिहरी। जिला कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर भारत रत्न स्व राजीव गांधी को उनकी 32वीं पुण्यतिथि पर याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विजयपाल सिंह राणा, धनपाल सिंह राणा, सोबन सिंह, शिव सिंह, बलवंत सिंह, रजत राणा, धनपाल सिंह कैंतुरा, उमेद सिंह राणा, रविंद्र सिंह राणा, मुकेश राणा, केसर सिंह राणा, राहुल रणवीर राणा, राहुल सिंह, सुरेश राणा, सुरेश राणा, गिरीश राणा, आनंद सिंह आदि ने स्व राजीव गांधी को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# सीएचसी अगस्त्यमुनि में अल्ट्रासाउन्ड मशीन का किया विधिवत रूप से शुभारंभ



रुद्रप्रयाग। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में अल्ट्रासाउन्ड मशीन का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। केदारनाथ विधायक श्रीमती शैलारानी रावत के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया। जिससे क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल पाएगा। कार्यक्रम में विधायक केदारनाथ को उपस्थित होना था परन्तु देहरादून में आवश्यक होने के कारण वो उपस्थित नही हो सकी ।जिससे विधायक प्रतिनिधि के रूप में बिक्रम सिंह नेगी द्वारा अल्ट्रासाउण्ड मशीन का विधिवत उद्धाटन किया गया। श्री नेगी ने बताया की विधायक शैलारानी रावत के अथक प्रयासों से केदारनाथ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को धीरे धीरे विकसित किया जा रहा है ।इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्तमुनि में दो ओपीडी कक्षों एवम एक पंचकर्मा कक्ष के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवम रिक्त चिक्तिशा विशेषज्ञों पदों पर नियुक्ति व अन्य संसाधनों हेतु विधायक लगातार प्रयासरत हैं ।जिससे क्षेत्रवासियों को उचित स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके ।इस अवसर पर मुख्य चिकितिषाधिकारी डॉ० एच एस सी मतोलिया, डॉ० आशुतोष, डॉ० विशाल बर्मा रेडियोलाजिस्ट डॉ० राजीव,फार्मेसिस्ट डी एल मंगवाल व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन बिष्ट,उमेश भट,हीरा नेगी ,विजयपाल रावत सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# विश्वानाथ जगदीशिला डोली रथयात्रा का जखोली में स्वागत



रुद्रप्रयाग। 24वीं विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा का जखोली पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारम्परिक वाद्ययंत्रों की थाप एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया है। यात्रा के जखोली ब्लाक संयोजक नागेन्द्र इंका बजीरा के प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत,ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल,पूर्व प्रधान विजेन्द्र मेवाड़,आचार्य विनोद थपलियाल, धूम सिंह रावत,हयात सिंह राणा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

कुमाऊं मंडल के साथ ही यमनोत्री व गंगोत्री धाम भ्रमण से जखोली के नगदेऊ मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंची यात्रा के संयोजक पूर्व शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने भक्तों से कहा कि इस बार डोली रथयात्रा उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों के भ्रमण के साथ प्रदेश के चारों धामों का दौरा कर रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति स्थापना के साथ ही उत्तराखंड में हजार धामों की स्थापना करना है। जखोली में यात्रा की अगुवानी करते हुए प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत, पूर्व प्रधान विजेन्द्र सिंह मेवाड़,आचार्य विनोद थपलियाल, सतीश राणा, सुनील नेगी, भरत चौहान आदि ने रथयात्रियों का स्वागत किया है।

वहीं ग्राम कपणियां में भी यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। विदित है कि पूर्व मंत्री नैथानी के नेतृत्व में यह देवी यात्रा प्रत्येक वर्ष पूरे राज्य में निकाली जाती है। यात्रा का समापन गंगा दशहरा के दिन टिहरी के घनसाली ब्लाक के हन्दिाव पट्टी के विशोन पर्वत पर समारोहपूर्वक होता है। इसमें हज़ारों भक्त मां जगदीशिला डोली का विसर्जन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर महिला मंगल दल जखोली ने मन्दिर में कीर्तन भजन संध्या आयोजित की है।

## सेलाकुई क्षेत्र में बालिका इंटर कॉलेज खोलने की मांग

विकासनगर। सेलाकुई क्षेत्र के लोगों ने नगर में बालिका इंटर कॉलेज खोलने की मांग की है। इस आशय ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी को सौंपने पहुंचे लोगों ने बताया कि सेलाकुई कस्बे मे करीब बीस हजार की आबादी निवास करती है। यहां एक भी बालिका इंटर कॉलेज नहीं है। कस्बे के एकमात्र सरकारी इंटर कॉलेज में भी छात्र संख्या का अधिक दबाव है। बताया कि सेलाकुई एक औद्योगिक नगर है। जो धीरे–धीरे एक बड़े शहर का रूप लेता जा रहा है। यहां की औद्योगिक इकाइयों के में तीस हजार के करीब श्रमिक काम करते हैं। इन सभी श्रमिकों के बच्चे सरकारी विद्यालयों में ही शिक्षा ग्रहण करते हैं। बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज सेलाकुई में श्रमिकों के बच्चों के साथ ही आसपास के एक दर्जन गांवों के बच्चे भी पढ़ने आते हैं।

# युवा कल्याण समिति देगी त्यूणी में 10 छात्र—छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण



विकासनगर। पढ़ेंगे हम तो बढ़ेंगे हम, अभियान के तहत युवा कल्याण समिति अटाल की ओर से रविवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज त्यूणी में प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कथियान, भटाड, भाटगड़ी, त्यूणी, मैंद्रथ, काण्डा अटाल समेत कई गांव के 63 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में चयनित छात्र–छात्राओं को युवा कल्याण समिति की ओर निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। एक ओर जहां कोचिंग के नाम पर प्रतिमाह लाखों रुपये कमाने की होड़ लगी हुई है, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनका लक्ष्य गरीब एवं निर्धन छात्रों को निःशुल्क कोचिंग देकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराना है।

# जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर जी—20 सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा



ऋषिकेश। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि जी–20 सम्मेलन के लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर आने वाले विदेशी मेहमानों का भव्य स्वागत होगा। मेहमानों को आकर्षित करने के लिए सड़कों के किनारे मंदिरों और पौराणिक प्रथाओं की वाल पेंटिंग करवाई गई है। रविवार को वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर एयरपोर्ट पर जी–20 के लिए हुई तैयारियों के कामों का जायजा लिया। कहा कि यह उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है कि जी–20 के तीन कार्यक्रम यहां आयोजित होने जा रहे हैं। एक कार्यक्रम रामनगर में संपन्न हो गया है और एक कार्यक्रम नरेंद्रनगर में होना है। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से लेकर नरेंद्रनगर तक सड़कों को चमकाया जा रहा है। वाल पेंटिंग की जा रही है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया गया है। विभिन्न प्रजातियों के पेड़ एयरपोर्ट से लेकर नरेंद्रनगर, ऋषिकेश तक लगाए गए हैं। विदेशी मेहमानों का स्वागत करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगी और विदेशी मेहमानों पर फूलों की वर्षा करेंगी। एनसीसी कैडेट्स भी जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए रहेंगे। इनकी रिहर्सल भी जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर कराई गई है। जी–20 के कार्यक्रम 24 से 28 मई के बीच होने हैं। मौके पर एमडीडीए वीसी बंशीधर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, तहसीलदार मोहम्मद शादाब आदि उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट—2023 का हुआ समापन



नैनीताल। राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 19 मई से आयोजित तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट–2023, रविवार को सम्पन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न हिस्सों से 125 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 18वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चैंपियन दिनेश पंवार रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता आशीष जैन घोषित हुए। विजेता बेस्ट नेट विशाल बंसल और उपविजेता ग्रुप कैप्टन विवेक रावत रहे।

टूर्नामेंट में पहली बार होल इन वन का खिताब तीन गोल्फरों, टी पी सिंह, विकास टंडन और राघव कारला को मिला। सुपर वेटरन ग्रास कैटेगरी में कर्नल एस सी गुप्ता विजेता रहे और सुपर वेटरन रनर बेस्ट नेट में कर्नल यू सी कोठारी विजेता रहे। महिला कैटेगरी में डॉ० . सृष्टी धौन विजेता और सुजाता कादयान उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में मयंक गुप्ता विजेता रहे। वेटरन नेट कैटेगरी में ग्रुप कैप्टन एन पी सिंह विजेता रहे।

विजेन्द्र जीत सिंह तोमर और रुसांक सिजवाली को उदीयमान गोल्फर का खिताब दिया गया। मेधांश एस बिष्ट को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में 15–18 आयु वर्ग में विजेता राघव कालरा रहे। (12–15) आयु वर्ग में प्रथम विवान अग्रवाल और 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में मोहम्मद माज मंसूर विजेता घोषित किए गये।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने विजेता गोल्फरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी गोल्फरों ने यहां गोल्फ खेलने के साथ–साथ यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आंनद अवश्य लिया होगा। राज्यपाल ने कहा कि देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन सही मायनों में उत्तराखंड पर्यटन के ब्रांड ऐम्बेसडर हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जब वे नैनीताल से वापस अपने घरों को जाएंगे तो यहां के प्राकृतिक सौंदर्य, यहां की की खूबसूरती, यहां के अतिथ्य के बारे में और लोगों को बताएंगे, उन्हें उत्तराखंड का भ्रमण करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस गोल्फ प्रतियोगिता का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य नैनीताल सहित उत्तराखण्ड के पर्यटन का प्रचार–प्रसार करना है।

राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन से अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास किया गया है। राजभवन गोल्फ कोर्स को स्कूली बच्चों के लिए भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने गोल्फ में महिलाओं और युवाओं की बढ़ती रूचि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में उत्तर-ाखण्ड से राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट को और अधिक बेहतर किए जाने का प्रयास किया जाएगा।

गोल्फ क्लब के सचिव/परिसहाय मेजर तरूण कुमार ने इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत, आई जी डॉ० . निलेश आनंद भरणे, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, एसएसपी पंकज भट्ट, परिसहाय श्री अमित श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉ० . तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ० . नितिन उपाध्याय, गोल्फ क्लब के सबसे पुराने सदस्य स्क्वाड्रन लीडर डी एस मजीठिया, श्री सचिन चमोली, श्री वेद प्रकाश मोहार सहित गोल्फर्स और उनके परिजन उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन गोल्फ कैप्टन कर्नल(रिटा.) हरीश चन्द्र शाह द्वारा किया गया।

# पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम राजीव गांधी को याद किया



रुद्रपुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि जगह–जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सादगी से मनाई। इस दौरान कांग्रेसियों ने रुद्रपुर के कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए। राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। रविवार को आदर्श बंगाल कॉलोनी में हुए कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश को बुलंदियों पर ले जाने का काम किया ' वहीं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में राजीव नगर में पूर्व पीएम राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता गोपाल भसीन ने कहा कि राजीव गांधी ने कई क्षेत्रों में नई पहल की, जिनमें संचार और कम्प्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। पार्षद मोहन खेड़ा ने कहा कि राजीव गांधी युवाओं के लोकप्रिय नेता थे।ये लोग रहे मौजूदः पूर्व मेयर प्रत्याशी सुनील आर्य, पूर्व महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा, सतीश कुमार, विधान सरकार, विधान मंडल, अशोक मंडल, उमा सरकार, सपना गिल, बाबू विश्वकर्मा, सुरेश यादव, संजय आइस, विश्वजीत राय, विकास विश्वास, जयदेव मदक, डॉ. विमल घरामी, छत्रपाल गंगवार, ओमप्रकाश गंगवार, वीरेंद्र कोली, पप्पू कोली, प्रेम कोली, अशोक विश्वास, रंजीत सिंह राणा, मोनिका ढाली, संजीव रस्तोगी, चेतन भट्ट, खगोपती विश्वास, अशोक मंडल, राजीव कामरा, इंद्रजीत सिंह, रविंद्र गुप्ता, सरोज शर्मा, गीता सरकार, इंद्रावती, सुनीता रानी समत कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

## मेयर ने कैबिनेट मंत्री को बताई रुद्रपुर की समस्याएं

रुद्रपुर । मेयर रामपाल सिंह ने वित्त एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के देहरादून स्थित आवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान मेयर ने उन्हें रुद्रपुर शहर की समस्याएं बता निस्तारण की मांग की। रविवार को मुलाकात के दौरान मेयर ने मंत्री को नगर निगम द्वारा रुद्रपुर शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने रुद्रपुर शहर की लगातार बढ़ रही आबादी को देखते हुए विकास के लिए अतिरिक्त बजट देने की मांग की। मेयर ने कहा कि परिसीमन के बाद रुद्रपुर नगर निगम के वार्डों की संख्या 20 से 40 हो गई थी। इसके बाद कई संसाधनों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पिछले कई वर्षों से महसूस की जा रही है। नगर निगम का क्षेत्रफल तो बढ़ चुका है, लेकिन संसाधन अभी भी बहुत कम हैं।

# नशे के 211 इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार




रुद्रपुर। पुलिस ने नशे के इंजेक्शनों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक इंजेक्शन नेपाल बेचने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी ने बताया कि शनिवार रात गश्त के दौरान उन्होंने टनकपुर रोड पर एक बुलेट बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। इस पर बाइक सवार युवक भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से 211 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। उसने अपना नाम विजय कुमार निवासी वार्ड नंबर आठ अमाऊं बताया। आरोपी ने बताया कि वह इंजेक्शन बहेड़ी जिला बरेली के एक क्लीनिक से 40 रुपये में एक सेट खरीदकर लाता है। उसे नेपाल सीमा पर 300 रुपये प्रति सेट के हिसाब से बेचता है। इन इंजेक्शनों को भी वह नेपाल सीमा पर बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने बाइक को सीज करने के साथ ही इंजेक्शन और उसके पास मिली साढ़े 15 हजार से अधिक की नगदी को जब्त कर लिया है। पुलिस टीम में पूरन सिंह, कमल पाल शामिल रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा की हुई बैठक

अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की मंडल स्तरीय कार्यसमिति की बैठक जागेश्वर मंडल के आरतोला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी किसान मोर्चा हरीश परगाई ने कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। यहां किसान मोर्चा जिला महामंत्री हरीश बिष्ट, जिला मंत्री किसान मोर्चा लक्ष्मण सिंह गैडा, मंडल अध्यक्ष हरीश प्रसाद, बलवंत सिंह गैड़ा, महेंद्र सिंह मेहरा, गोपाल सिंह बिष्ट, जीवन सिंह, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा हीरा सिंह नेगी, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा मालती बिष्ट आदि मौजूद रहे। संचालन पंकज पांडे ने किया।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर किया याद



अल्मोड़ा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि अल्मोड़ा कांग्रेस कार्यालय पार्टी में गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. गांधी के विकास कार्यों को किया याद उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने स्व. गांधी को श्रद्धांजलि देकर उनके ओर से देश के विकास के लिए किए गये अभूतपूर्व कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि स्व. गांधी ने देश के हर समाज के लिए काम किया। महेश चंद्र आर्या ने स्व. गांधी की शहादत को याद करते हुए उनके क्रियाकलापों का उल्लेख किया। त्रिलोचन जोशी ने पूर्व प्रधानमंत्री को भारत में कम्प्यूटर युग के प्रणयता के रूप में याद किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सेवादल दिनेश नेगी आधुनिक भारत के जनता के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों के लिए प्रशंसा की। संचालन जिला महामंत्री गीता मेहरा ने किया। यहां नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, अर्बन बैंक के पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह बगड़वाल, प्रताप सिंह सत्याल, जिला उपाध्यक्ष विनोद वैष्णव, मनोज सनवाल, नगर उपाध्यक्ष नारायण दत्त पांडेय, महेश आर्या, अंबी राम, निजाम कुरेशी, किशन लाल, अमन अंसारी, जगदीश पांडे, शरद शाह, दीपा शाह, जया जोशी, निर्मला कांडपाल, विपुल कार्की, रमेश नेगी, अमित बिष्ट, नितिन रावत, बाल विक्रम सिंह रावत, सरस्वती रोडिया आदि मौजूद रहे।

## मुस्लिम यूथ मोर्चा ने जरूरतमंद बच्चों को किताबें बांटी

रुद्रपुर। उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा ने जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क किताबें बांटी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी वर्गों को मिलकर गरीब और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। रविवार को मदरसा जामिया आएशा में आयोजित कार्यक्रम में मोर्चे के अध्यक्ष दानिश इकबाल अहमद ने बच्चों की शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा बिना शिक्षा के समाज और देश का विकास संभव नहीं है। कहा समाज के सभी वर्गों को मिलकर गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए।

# विधायक पांडे ने जन्मदिन पर सड़कों का किया शिलान्यास



रुद्रपुर। विधायक अरविंद पांडे ने अपने जन्मदिन पर 33 लाख 63 हजार की आठ इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का शिलान्यास किया। रविवार को गूलरभोज नई बस्ती वार्ड एक व वार्ड दो गोविंदपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक पांडे ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। जन्मदिन की बधाई देने पर उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त किया। यहां नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे, ईओ आशीष नेगी, तरुण दुबे, सभासद रमेश कुमार, सतीश चुघ, बिट्टू यादव, बीडीसी गुरमेल सिंह, गोविंद राजभर, भूपेंद्र आर्य, नरेश, एसएन शुक्ला, नरेंद्र धपोला, सुनील शर्मा, मुकेश कुमार, श्री राम, जगदीश आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



रुद्रपुर। कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रविवार को विधायक कार्यालय पर दर्जनों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित हुए। उन्होंने कहा पूर्व प्रधानमंत्री ने विषम परिस्थितियों में बागडोर सम्हाल कर देश का चहुंमुखी विकास किया। उन्होंने देश में नई तकनीकि लाकर भारत को विश्व के अग्रणी देशों में स्थान दिलाया। यहां नगरपालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, गुलशन सिंधी, नितिन शर्मा, जगरूप सिंह गोल्डी, छोटे लाल कोली, सुनीता कश्यप, अफजाल शैरी रहे।

## किच्छा में फायर स्टेशन खोलने की मांग उठाई

रुद्रपुर। विधायक तिलकराज बेहड़ ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर किच्छा में फायर स्टेशन खोलने की मांग की। उन्होंने कहा फायर स्टेशन खुलने से घटना के समय लोगों को तत्काल सहायता मिल सकेगी। रविवार को बेहड़ ने प्रैस नोट जारी किया। उन्होंने कहा किच्छा नगर पुराना होने के साथ ही यूपी की सीमा पर स्थित है। यहां की आबादी लगातार बढ़ रही है। जिस कारण आगजनी की दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। आगजनी होने पर फायर बिग्रेड समय से नहीं पहुंच पाती है। इसको देखते हुए किच्छा में फायर बिग्रेड स्टेशन की स्थापना करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि किच्छा में जल्द फायर स्टेशन स्थापित कराने के लिए उनका पूरा प्रयास रहेगा।

# लोनिवि एक सप्ताह में हटाएगा अपनी जमीनों से अतिक्रमण



रुद्रपुर। लोक निर्माण विभाग अपनी जमीनों व सड़कों पर किए गए कब्जों को जल्द हटाएगा। अधिशासी अभियंता मोहन चद्र पलड़िया ने एक सप्ताह का समय देते हुए लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा है। एक सप्ताह बाद विभाग स्वयं अतिक्रमण हटाएगा। इधर, अतिक्रमण के खिलाफ वन विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। सुरई वन रेंज में वर्षों से गुज्जर जंगलों में काफी जमीन पर खेतीबाड़ी कर रहे हैं और झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रेंज अधिकारी आरएस मनराल ने बग्गा जंगल में रह रहे गुज्जरों से अतिक्रमण हटाने के लिए मुनादी कराई है। सुरई रेंज में लगभग 250 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना है। रेंज अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# स्वच्छता अभियान में रेडक्रॉस स्वयंसेवी व खिलाड़ी शामिल

बागेश्वर। मंडलसेरा के ढुंगगाड़ गधेरे में स्वच्छता अभियान सातवें रविवार भी जारी रहा। इस सप्ताह अभियान में बागनाथ फुटबॉल एकेडमी के खिलाड़ी और कोच भी शरीक हुए। करीब एक घंटे तक चले अभियान के दौरान झाड़ियों का कटान और सफाई की गई। रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में मंडलसेरा के ढुंग गाड़ गधेरे को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया है। चेयरमैन संजय साह जगाती के नेतृत्व और वृक्ष पुरुष किशन सिंह मलडा के मार्गदर्शन में सफाई चलाया जा रहा है। अब तक 400 मीटर के करीब सफाई की जा चुकी है। रेडक्रॉस के जिला सचिव आलोक पांडे ने बताया कि गधेरे को पूरा साफ करने तक अभियान चलेगा। इस मौके पर सोसायटी के कोषाध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, डॉ. हरीश दफौटी, हिमांशु जोशी, आरपी कांडपाल, कवि कांडपाल, कृष्णा पांडे, वेदप्रकाश पांडेय, फुटबॉल कोच नीरज पांडेय, बागनाथ एकेडमी के सचिव ललित कनवाल समेत एकेडमी के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## फड़ कारोबारियों पर डंडा चला तो होगा विरोध

बागेश्वर। फड़ व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पांच बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिला प्रशासन के अतिक्रमण हटाने को लेकर मंथन किया गया। कहा कि फड़ व्यापारियों पर अतिक्रमण का डंडा चला तो उसका विरोध किया जाएगा। नगर में यदि बड़ा अतिक्रमण हटाया जाता है तो वह भी तैयार हैं।

राधाकृष्ण मंदिर परिसर पर फड़ समिति के अध्यक्ष किशन राम ने बैठक की अध्यक्षता की। नई कार्यकारिणी के बारे में मंथन किया गया। श्रीनौला के समीप 42 वर्ष से फड़ लगाकर काम करने वाले व्यक्ति को पालिका ने हटा दिया है। जबकि यह कार्रवाई उचित नहीं है। नगर में बड़े अतिक्रमण को हटाने के बजाए छोटे लोगों को परेशान किया जा रहा है। नगर में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए सुझाव भी मांगे गए।

## रक्तदान किया

बागेश्वर। जिला अस्पताल में खून की कमी से जूझ रही महिला को रक्तदान कर युवक ने मानवता की मिसाल पेश की है। रेडक्रॉस के जिला सचिव आलोक पांडे ने बताया कि ममता देवी का हिमोग्लोबिन कम हो गया। इसकी जाकनारी स्वयं सेवी व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के बागेश्वर मंडल अध्यक्ष को मिली। उनके आह्वान पर नरेंद्र रौतेला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया।

इस मौके पर सोसायटी के चेयरमैन संजय साह, सचिव, चंद्र भानु गड़िया आदि मौजूद रहे। एक अन्य मामले में पुलिस कर्मी गिरीश बजेली ने जिला अस्पताल में भर्ती एक बुजुर्ग व्यक्ति को बी पॉजिटिव रक्त देकर उनकी जान बचाई।

# सरयू में नहाने गए पांच दोस्त, एक डूबा, पुलिस ने चलाया रेस्क्यू



बागेश्वर। दिल्ली से शादी में शामिल होने आए पांच दोस्त रविवार को सरयू में नहाने गए। नहाते वक्त एक युवक नदी में डूब गया। सूचना के बाद दमकल विभाग व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है, जबकि चार साथी सकुशल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मई को बिलौना निवासी पंकज की शादी होनी है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली से उसके पांच दोस्त खुशाल, अक्षय, पंकज, प्रिंस और भल्ला आए हैं। रविवार को पांचों लोग सरयू नदी में नहाने चले गए। नहाने वक्त 25 वर्षीय प्रिंस गहरे तालाब में डूब गया। अन्य साथियों के होहल्ला करने पर स्थानीय लोग भी एकत्रित हो गए, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सूचना के बाद पुलिस, दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है, लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चल सका है। घटना के बाद सभी लोग चिंता में हैं।

# बॉयोटेक संबंधित आधुनिक टेक्नोलॉजी की जानकारी दी

रुद्रपुर। उदय शंकर नाट्य अकादमी अल्मोड़ा में एक दिवसीय विज्ञान प्रोत्साहन और टेक्नोलॉजी संगम कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बॉयोटेक विभाग हल्दी के निदेशक डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद ने प्रतिभाग करके प्रदेशभर से आए छात्र–छात्राओं को बॉयोटेक संबंधित आधुनिक टेक्नोलॉजी की जानकारी दी। रविवार को वर्चुअल माध्यम से हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में डिजिटल, साइबर और टेक्नोलॉजी वॉलंटियर चैम्पियन तैयार करने के लिए यह कार्यक्रम हो रहे हैं। यूकॉस्ट देहरादून के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हमें आगे बढ़ना है। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बॉयोटेक विभाग) हल्दी के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने छात्र–छात्राओं से संवाद किया और बताया कि बॉयोटेक्नोलॉजी में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं है।

## कर्मी में तीन दिन से बीएसएनएल सेवा ठप

बागेश्वर। तहसील के कर्मी में लगा बीएसएनएल का मोबाइल टावर तीन दिन से शोपीस बना हुआ है। इस कारण लोग अपने प्रवासियों से बात तक नहीं कर पा रहे हैं।

कुशल क्षेम लेने के लिए उन्हें 50 किमी दूर भराड़ी आना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग से जल्द टावर ठीक करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## बास्केटबॉल अंडर 16 का चयन शुरू



रुद्रपुर। उधमसिंह नगर बास्टकेबॉल अंडर 16 बालक–बालिका टीम का चयन शुरू हो गया। चयन के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल रुद्रपुर स्टेडियम के बॉस्केटबॉल कोर्ट में किया गया। रविवार को उत्तराखंड बॉस्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि चयन प्रक्रिया में काशीपुर, खटीमा, पंतनगर, रुद्रपुर, किच्छा आदि विद्यालयों के खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया है। इसमें 12 बालक व 12 बालिकाओं का चयन किया जाना है। राज्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से पूर्व चयनित दोनों टीमों का प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शरद जोशी, गोविंद परिहार, गोपाल सिंह बिष्ट, संजय भारद्वाज, निशा, योगेश सिंह, पवन सिंह बोरा, कमलेश, हेमंत आर्य, हंशी रावत मौजूद रहे।

# अनियंत्रित गति से चल रहे युवाओं पर पुलिस का लगाम नहीं

बागेश्वर। जनपद में अनियंत्रित गति से युवाओं व किशोरों द्वारा वाहन चलाने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। बाइकर्स को न तो अपनी जान की चिंता है और न ही इन्हें पुलिस का भय है। गरूड़ में एक युवा का तेज गति से वाहन चलाने व गिरने का वीडियो वायरल हो रहा है।

जनपद में युवा बाइक से स्टंट करते हुए किसी भी रोड में देखे जा सकते हैं। कोतवाली क्षेत्र की बात की जाय तो नदीगांव, कांडा, गरूड़ व ताकुला रोड में युवक स्टंट करते हुए देखे जा सकते हैं। साथ ही गरूड़, कांडा आदि क्षेत्रों में भी युवा देखे सकते हैं। इनमें अधिकांश किशोर व किशोरियां शामिल हैं जो कि अनियंत्रित व गलत तरीके से वाहन चलाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो गरुड़ के टीट बाजार क्षेत्र में हुई दुर्घटना का बताया जा रहा है। फेसबुक यूजर भगवत नेगी द्वारा इस वीडियो को वायरल करते हुए लोगों से किशोरों व युवाओं को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाने की अपील की है साथ ही नाबालिग बच्चों को बाइक न देने की अपील की है। सीसी कैमरे में कैद इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक युवक स्कूटी को अनियंत्रित गति से चला रहा है तथा एककार को ओवर टेक करने की कोशिश में वह रपट जा रहा है तथा उसने हेलमेट भी नहीं पहना है। सौभाग्य से उसके सर में चोट नहीं आती है और वह स्कूटी को उठाकर फिर से उसी गति से लेकर भाग रहा है। सौभाग्य से उस मार्ग में उस समय कोई अन्य वाहन नहीं आया है यदि वह अलग दिशा या चंद समय पूर्व या बाद में वह रपटता तो दुर्घटना से कोई रोक नहीं सकता था।

## पापुआ न्यू गिनी में एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने पीएम मोदी के पैर छूकर किया स्वागत

**पापुआ न्यू गिनी , एजेंसी,** एजेंसी। ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) के शिखर सम्मलेन में हिस्सा लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविंवार को पापुआ न्यू गिनी पहुंचे। पीएम मोदी ने पापुआ न्यू गिनी की धरती पर कदम रखते ही एक रिकॉर्ड बना दिया। पीएम मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जो इस छोटे से देश की यात्रा पर गए हैं। यहां हवाई अड्डे पर कुछ ऐसा घटा कि इसका वीडियो वायरल हो गया है। यहां पीएम मोदी का स्वागत करने पहुंचे पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने प्रधानमंत्री के पैर छू लिए। इस दौरान पीएम मोदी भी हैरान रह गए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए पापुआ न्यू गिनी ने अपनी परम्परा को भी तोड़ दिया। वहां आमतौर पर सूर्यास्त के बाद आने वाले नेताओं के लिए औपचारिक स्वागत नहीं किया जाता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए इस प्रोटोकॉल को तोड़ दिया गया। पापुआ न्यू गिनी की सरकार ने उनका पूर्ण औपचारिक स्वागत किया। मोदी की पापुआ न्यू गिनी की यात्रा किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी।

## बिजली पारेषण लाइन से टकराकर वायु सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, 2 पायलटों की मौत

**काबुल , एजेंसी,**। अफगानिस्तान के उत्तरी समांगन प्रांत में रविवार को अफगान वायु सेना का एक सैन्य हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने यह पुष्टि की है।

रक्षा मंत्रालय ने अपने ट्विटर अकाउंट से ट्वीट करते हुए लिखा, वायुसेना का एक एमडी–530 मॉडल हेलीकॉप्टर गश्ती मिशन पर था। हेलीकॉप्टर समांगन प्रांत के खलम जिले में आज सुबह 09.00 बजे एक बिजली पारेषण लाइन से टकर-ाकर क्रैश हो गया। इस हादसे में दो पायलट शहीद हो गए।

रक्षा मंत्रालय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इसके अलावा दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## कनाडा के ब्रैम्पटन में महिला की चाकू मारकर हत्या

**टोरंटो , एजेंसी।** कनाडा में टोरंटो के बाहरी इलाके ब्रैम्पटन के स्पैरो पार्क में एक महिला की हत्या के आरोप में पंजाब के एक 44 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। नव निशान सिंह ने 43 वर्षीय दविंदर कौर की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के मुताबिक, अधिकारियों को चाकू मारने की सूचना शाम करीब छह बजे मिली।जब पुलिस अपराध स्थल पर पहुंची, तो पीड़िता को घायल हालत में देखा। उसे बचाने के प्रयास विफल रहे। महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सिंह को घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर फर्स्ट डिग्री मर्डर का आरोप लगाया गया है। लगभग 7,00,000 लोगों का शहर, ब्रैम्पटन में सबसे ज्यादा पंजाबी रहते हैं।

## अल सल्वाडोर के फुटबाल स्टेडियम में मची भगदड़, 9 लोगों की मौत; 500 से ज्यादा घायल

**सैन सैलवाडोर , एजेंसी,**। अल साल्वाडोर की राजधानी सैन साल्वाडोर में एक फुटबॉल स्टेडियम में भगदड़ मचने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 500 से ज्यादा घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय टीम अलियांजा और सांता एना आधारित टीम फास के बीच मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर पीएम नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का डंका

# ग्लोबल लीडर्स ने की जम कर तारीफ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कूटनीति में यूं तो हाव भाव और अंदाज का आकलन ही बहुत कुछ कहता है लेकिन अगर स्पष्ट शब्दों में कुछ कहा गया तो बात ही अलग है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को लेकर अलग अलग राय रखी जाती है, लेकिन जिस तरह विश्व के दो शक्तिशाली देश अमेरिका और अस्ट्रेलिया के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने मुक्त कंठों से उनकी लोकप्रियता को सराहा वह देश के लिए भी गर्व का विषय है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने तो कहा– प्रधानमंत्री जी मुझे आपका आटोग्राफ लेना चाहिए। वहीं जापान की यात्रा के बाद जब प्रधानमंत्री पापुआ न्यू गिनी पहुंचे तो अदभुत दृश्य था। अगवानी को आए न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने मोदी के पैर छुए। बताते हैं कि जापान में क्वाड बैठक के वक्त बाइडेन ने पीएम मोदी से कहा कि उन्हें एक अजीबोगरीब चुनौती से जूझना पड़ रहा है।

बाईडेन ने कहा– 'अगले महीने हमने वाशिंगटन में आपके सम्मान में जो स्वागत भोज रखा है उसमें शामिल होने के लिए पूरा देश उमड़ रहा है। आपको मजाक लग रहा हो तो मेरी टीम से पूछ लीजिए। जिसके बारे में मैं ने सुना नहीं, कभी मिला नहीं वह भी उस भोज में शामिल होना चाहते हैं। हमारे पास अब आमंत्रण पत्र नहीं बचा है लेकिन फिल्म अभिनेताओं से लेकर मेरे संबंधी तक हर कोई आने को इच्छुक हैं। आप बहुत लोकप्रिय है।

वहीं मौजूद अस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अलबनीज ने भी ऐसी ही परेशानी सुना दी। उन्होंने कहा कि अस्ट्रेलिया में सामुदायिक आयोजन के स्थल पर 20 हजार लोगों के लिए जगह है। लेकिन उनके लिए मुश्किल हो रही है। इस कार्यक्रम में अलबनीज भी रहेंगे। गौरतलब है कि सिडनी के एक क्षेत्र हैरिस पार्क में यह आयोजन होना है जिसे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के वक्त लिटिल इंडिया घोषित किया जाएगा। वैसे तीन देशों की इस यात्रा को भारतीय सभ्यता के प्रसार से भी जोड़ा जा रहा है।

हिरोशिमा में प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया था जो शांति और अहिंसा के प्रति भारत की सोच के प्रतीक हैं। पापुआ न्यू गिनी में उन्होंने तमिल काव्य तिरुकुरल के स्थानीय संस्करण टाक पिसिन का विमोचन करेंगे। जबकि अस्ट्रैलिया में लिटिल इंडिया की पहचान सिद्ध होगी। यह अस्ट्रेलिया में भारत और भारतीयों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाएगा।

गौरतलब है कि 2014 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ही पीएम मोदी ने जो प्रयास शुरू किया था उसके बाद से अंतरराष्ट्रीय मंच पर जहां भारत मजबूत हुआ वहीं व्यक्तिगत स्तर पर उनकी खुद की लोकप्रियता अभूतपूर्व स्तर तक पहुंची है। कुछ महीने पहले ही इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय लीडर करार दिया था।

वस्तुतः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही यह प्रशंसा जहां वैश्विक प्रयास के लिए अहम है वहीं घरेलू स्तर पर इसका राजनीतिक असर भी दिखता है। पिछले लोकसभा चुनाव में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए यह गर्व का

## मौत के बाद 6 लोगों को नई जिंदगी दे गया 10वीं का टॉपर, नाम लेते ही शिक्षा मंत्री भी नहीं रोक सके आंसू

**नई दिल्ली , एजेंसी।** केरल के तिरुवनंतपुरम में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक छात्र की रिजल्ट घोषित होने से पहले मौत हो गई। जब रिजल्ट की घोषणा की गई तो पता चला कि छात्र ने टॉप किया है। रिजल्ट की घोषणा के दौरान मामला जान राज्य के शिक्षा मंत्री के भी आंख में आंसू आ गए थे। इतना ही नहीं सड़क दुर्घटना में मारे गए 10वीं के टॉपर ने अपने अंगों का दान कर 6 मरीजों की जान बचाई।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टॉपर के माता–पिता बिनीश कुमार और रजनीश ने अपने बेटे की मौत की खबर सुन टूट से गए थे, इसके बाद उन्होंने अपने बेटे के अंगों को दान करने का फैसला किया। 16 वर्षीय बेटे बीआर सारंग के अंग दान करने के कारण 6 लोगों की जान बचाई गई। जानकारी दे दें कि गवर्नमेंट बॉयज एचएसएस, एटिंगल के एक छात्र सारंग की 6 मई को वह अपनी मां के साथ एक ऑटोरिक्शा में यात्रा कर रहे थे, उसी दौरान वडक्कोट्टुकव में कुनंथुकोणम पुल के पास एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां सारंग ने दम तोड़ दिया।एसएसएलसी रिजल्ट घोषित होने से पहले बुधवार की सुबह उसकी मौत हो गई, जब रिजल्ट जारी हुआ तो पता चला कि सारंग ने 10वीं के बोर्ड एग्जाम में फुल ए+ ग्रेड हासिल किया है। राज्य के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने रिजल्ट जारी किया जब वे टॉपर की लिस्ट जारी कर रहे थे तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे भावुक हो गए थे।प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री की आंखों में आंसू आ गए जब उन्होंने बताया कि सारंग ने टॉप ग्रेड हासिल किया था, जिसकी हाल ही में एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। शिवनकुट्टी ने कहा कि, तिरुवनंतपुरम में एक दुर्घटना में मारे गए 10वीं कक्षा के छात्र सारंग ने सभी विषयों के लिए फुल ए प्लस ग्रेड हासिल किया है।

## राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी को उनकी 32वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान की यात्रा पर गए मोदी ने एक ट्वीट में कहा, मैं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली में वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि दी।

राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त, 1944 को हुआ था और उन्होंने चार बार उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

भारत रत्न राजीव गांधी ने 1984 से 1989 तक भारत के छठे प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने 1984 में अपनी मां, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पद ग्रहण किया था।

, एजेंर्सी, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी रैली के दौरान लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के आत्मघाती हमलावरों ने राजीव गांधी की हत्या कर दी। यमुना नदी के तट पर स्थित वीर भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया गया था।उनकी पुण्यतिथि को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वह भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे जो महज 40 साल की उम्र में सत्ता में आए थे।

## नेपाल में पकड़ा गया नक्सली कमांडर दिनेश गोप, 30 लाख का था इनाम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) से संबद्ध व वांटेड माओवादी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को हिरासत में लिया। इस पर 30 लाख रुपये का इनाम था। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए माओवादी की पहचान दिनेश गोप के रूप में हुई है और उस पर झारखंड सरकार द्वारा 25 लाख रुपये और एनआईए द्वारा पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया था।सूत्रों ने कहा, खुफिया एजेंसियां, पुलिस, सीआरपीएफ पिछले 15 सालों से उस पर नजर रख रही थी। दो दशक से अधिक समय से वह नक्सली गतिविधियों में शामिल था। उसके खिलाफ 100 से अधिक मामले लंबित हैं।

## दिन दहाड़े बच्चे के अपहरण और लूट की वारदात के दो आरोपी पकड़े, घटना का वीडियो वायरल

**भरतपुर , एजेंसी।** थाना चिकसाना अंतर्गत गांव हथैनी में शुक्रवार को दिनदहाड़े गांव के 5 लोगों ने 6 वर्षीय बच्चे का अपहरण करने की कोशिश की। इतना ही नहीं लूटपाट कर सोने चांदी के जेवरात ले गए। इस बाबत पीड़ित ने थाना चिकसाना में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित राकेश ने बताया शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे हथैनी निवासी रमेश पुत्र दौलतराम, दीपक पुत्र राजवीर, मोनू पुत्र कृष्णगोपाल, कपीश पुत्र कृष्णगोपाल, तेजवीर पुत्र राजवीर उसके घर में अपहरण व लूटपाट की नीयत से घुसे। घर के अंदर पत्नी को जब शोर की आवाज सुनाई दी तो रमेश मेरे 6 वर्षीय बेटे ऋषि को उठाकर ले जाने लगा। पत्नी रिंकी और मेरी बेटी खुशबू इनका विरोध करने लगीं। इस पर इन 5 लोगों ने मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ कर बेअदब कर दिया। जब मैं वहां पहुंचा तो मेरे साथ भी इन लोगों ने मारपीट की। मोनू, कपीश, तेजवीर अलमारी में रखे जेवर लूट ले गये।

वहीं रमेश और दीपक को मैंने वहीं पकड़ लिया और सरपंच प्रतिनिधि हथैनी को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर से रमेश व दीपक को पकड़ा और थाना चिकसाना ले गए। कपीश, मोनू, तेजवीर वहां से भाग गए। बाबत थाना चिकसाना प्रभारी विनोद मीना ने बताया मामले की जांच की जा रही है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक व्यक्ति पुलिस के सामने घर में घुसकर लूटपाट करने का आरोप लगा रहा है। वहीं दो लोगों को पुलिस कमरे के अंदर से निकाल कर ला रही है।

बच्चों के अपहरण की सूचना से हड़कंप, पारिवारिक विवाद का मामला निकला कस्बे में शाम को दो बच्चों के अपहरण की सूचना से लोगों में हड़कंप मच गया। लेकिन मामला पारिवारिक होने का पता चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार कस्बे में वीरेंद्र कुमार के दो बेटे आदित्य (9) एवं शिवम (7) शाम को अपने पिता की दुकान से घर आ रहे थे। रास्ते में दो महिलाएं उन्हें अपने साथ ले गई। परिजनों को सूचना मिली तो उन्होंने अपहरण का मामला समझा। इसके बाद कुछ लोगों ने इसे सोशल मीडिया पर डाल दिया जिससे कस्बेवासियों में भय व्याप्त हो गया। लेकिन जांच करने पर मामला पारिवारिक निकला।

इसमें वीरेंद्र के भाई सुरेंद्र ने बताया कि कि वीरेंद्र का अपनी पत्नी सोनिया से कुछ विवाद चल रहा है और वह पिछले एक माह से अपने पीहर में रह रही है। और उसके दोनों बच्चे पति वीरेंद्र के पास थे। दोपहर को सोनिया अपनी बहन के साथ सीकरी आई और बाजार से दोनों बच्चो को अपने साथ ले गई। उसने बताया कि पहले पुष्टि नहीं होने से उन्होंने मामला अपहरण का समझा लेकिन सोनिया के परिजनों ने फोन पर बच्चे उनके पास होने की सूचना दी तब उन्हें असलियत पता चली।

## राजीव गांधी 21वीं सदी के आधुनिक भारत के निर्माता थे : अनिल कुमार

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में राजीव जी तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। चौ. अनिल कुमार ने प्रातः अपने प्रिय नेता राजीव जी के समाधि स्थल वीर भूमि पर भी श्रद्धाजंलि दी।इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चो अनिल कुमार के साथ राजीवजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख नेताओ में छक्कष्टष्ट संचार विभाग के अध्यक्ष / पूर्व विधायक श्री अनिल भारद्वाज, छक्कष्टष्ट के उपाध्यक्ष / पूर्व विधायक जय किशन, पूर्व विधायक विजय लोचव, डॉ नरेश कुमार, जिलाध्यक्ष सतबीर शामिल शर्मा, धरम पाल चंदेला, आदेश भारद्वाज, सुनील कुमार, हिदायतुल्लाह सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता ने भी राजीव को श्रद्धांजलि दी।चौ. अनिल कुमार ने कहा कि श्री राजीव गांधी जी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने जिनकी दूरदर्शी और परिपक्व सोच की नीतियों ने भारत को वैश्विक स्तर पर तकनीकि क्षेत्र में बराबरी पर लाकर खड़ा किया। आज विश्व में भारत को कम्प्यूटरीकृत तकनीक में आधुनिकता और डिजीटल स्वरुप में जो उच्च स्थान मिला है जिसकी आधारशिला राजीव गांधी ने अपने प्रधामंत्रीत्व काल में रख दी थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान की भाजपा की केन्द्र सरकार देश की सम्पति को बेचने और वगीकृत विभाजन की सोच रखती है, जबकि राजीव जी यह मानते थी कि राष्ट्र की एकता और अंखडता से बढ़कर कुछ भी नही है, क्योंकि भारत अविभाज्य है। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि राजीव जी 21वीं सदी के आधुनिक भारत के निर्माता थे। राजीव जी ने शिक्षा के विकास और संचार व तकनीकी क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाकर देश की प्रगति में अमिट योगदान दिया।

## पिकअप का टायर बदल रहे लोगों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर,दो की मौत

**कानपुर , एजेंसी।** हाईवे के उत्तरीपूरा बाईपास पर देर रात एक बजे खड़ी पिकअप में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप का टायर बदल रहे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस सभी को शिवराजपुर सीएचसी ले गई। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत बताया वहीं दूसरे की कानपुर जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

उत्तरीपुरा चौकी प्रभारी के मुताबिक बीती देर रात एक बजे कानपुर की ओर जा रही पिकअप का टायर पंचर हो गया। गाड़ी किनारे खड़ी कर पिकअप में सवार लोग टायर बदल रहे थे। इस बीच किसी वाहन ने पिकअप में टक्कर मार दी।

## रूस ने यूक्रेन के बखमुत शहर पर किया कब्जा, पुतिन ने सेना को दी बधाई

**मास्को , एजेंसी,**। रूस और यूक्रेन की जंग को 15 महीने से ज्यादा समय हो चुका है। रूस लगातार यूक्रेन पर आक्रमक है और यूक्रेन के कई शहरों पर कब्जा भी कर लिया है। हालांकि यूक्रेन ने भी रूस के सामने घुटने नहीं टेके हैं और वह भी पलटवार कर रहा है। इस बीच रूसी सेना ने शनिवार को पूर्वी यूक्रेनी शहर बखमुत पर पूर्ण कब्जा का दावा किया है। लेकिन यूक्रेन ने रूस के इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि लड़ाई अभी भी जारी है।

मीडिया के अनुसार ,पूर्वी यूक्रेन में कब्जे के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर निजी सेना और रूसी सैनिकों की हमला करने वाली टीमों को बधाई दी है। क्रेमलिन के प्रेस कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि 'व्लादिमीर पुतिन वैगनर हमले टीमों के साथ–साथ सभी रूसी सैनिकों को बधाई देते हैं, जिन्होंने आवश्यक सहायता प्रदान की।

हालांकि, जैसे ही वैगनर चीफ ने बखमुत पर कब्जा करने का दावा किया कीव ने तुरंत दावे को खारिज कर दिया और कहा कि लड़ाई अभी भी जारी है। मालूम हो कि बखमुत डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के उत्तर–पश्चिमी भाग में स्थित है और डोनबास में यूक्रेनी सेना के लिए एक महत्वपूर्ण आपूर्ति केंद्र के रूप में कार्य करता है। 1 अगस्त 2022 को शहर को आजाद कराने के लिए भीषण युद्ध हुआ था। 2014 में डोनबास की मुक्ति के बाद से इस शहर के लिए यह युद्ध सबसे तीव्र युद्धों में से एक रहा है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह भी घोषित किया कि यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान के दौरान आर्टयोमोव्स्क शहर (यूक्रेन में बखमुत नाम) को पूरी तरह से मुक्त कर दिया गया था। जापान के हिरोशिमा में शनिवार से शुरू हुए जी7 लीडर्स समिट के दौरान जारी संयुक्त बयान के अनुसार, यह ऐसे समय में आया है जब जी7 नेताओं ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के 'अवैध, अनुचित और अकारण युद्ध की आक्रमकता के खिलाफ एक साथ खड़े होने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

## केजरीवाल ने मोदी का पुराना ट्वीट पोस्ट करते हुए केंद्र पर साधा निशाना, पूछा – अध्यादेश क्यों, सर?

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सेवा मामलों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए अध्यादेश पर केंद्र के साथ गतिरोध के बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल पुराने ट्वीट को दोबारा पोस्ट किया जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार से पूछा था कि अध्यादेश क्यों? मोदी का यह ट्वीट 2013 का है जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इस पोस्ट को रीट्वीट करते हुए केजरीवाल ने पूछा, अध्यादेश क्यों, सर?मोदी ने 14 जुलाई 2013 को किए गए एक ट्वीट में लिखा, संसद सत्र वैसे भी होने वाला है। केंद्र संसद को भरोसे में लेकर एक अच्छा विधेयक क्यों नहीं बना सकता? अध्यादेश क्यों? नरेंद्र मोदी पूछते हैं।

पीएम मोदी, जो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे, ने एक मुद्दे पर केंद्र में मौजूद कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए ट्वीट पोस्ट किया था।

उसी ट्वीट को रीपोस्ट करते हुए केजरीवाल ने वही सवाल मोदी सरकार से पूछा है – अध्यादेश क्यों, सर?दिल्ली के मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी केंद्र द्वारा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नकारने के लिए एक अध्यादेश जारी करने के बाद आई है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि लगभग सभी सेवाओं से जुड़े अधिकार दिल्ली की राज्य सरकार के पास हैं।केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण के नाम से एक स्थायी प्राधिकरण बनाने के लिए एक अध्यादेश लाई है जिसके अध्यक्ष दिल्ली के मुख्यमंत्री होंगे। दिल्ली के मुख्य सचिव इसके सदस्य होंगे तथा दिल्ली के प्रमुख सचिव (गृह) इसके सदस्य सचिव होंगे। प्राधिकरण राष्ट्रीय राजधानी में ट्रांसफर पोस्टिंग, सतर्कता और अन्य प्रासंगिक मामलों से संबंधित मसलों पर दिल्ली के एलजी को सिफारिशें सौंपेगा। हालांकि, सिफारिशों पर उपराज्यपाल का निर्णय अंतिम होगा।सुप्रीम कोर्ट की पांच–न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 11 मई को फैसला सुनाया कि यह मानना आदर्श है कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई दिल्ली सरकार का अपने अधिकारियों पर नियंत्रण होना चाहिए और एल–जी जनता पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन के अलावा हर चीज में चुनी हुई सरकार की सलाह मानने के लिए बाध्य है।

## महाराज ने रुड़की को दिया 88 लाख 73 हजार की..........

प्रथम पृष्ठ का शेष , कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण तथा लाभार्थियों को चेक/सामग्री वितरित करने के पश्चात सरकार जनता के द्वारह्यह्य ह्यह्यहमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश एवं ह्यह्यभयमुक्त समाजह्यह्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये आज जिन–जिन कल्याणकारी कार्यों का लोकार्पण किया गया, उन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर श्री महाराज ने कहा कि राज्य के विकास खण्डों में ठोस अपशिष्ट/प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन हेतु कॉम्पैक्टर की स्थापना के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार निरन्तर विकास की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम को रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने भी सम्बोधित किया। ब्लॉक रूड़की में रामनगर स्थित रामलीला ग्राउण्ड में आयोजित हुये आज के जन–सुनवाई कार्यक्रम में 106 लोगों के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिनमें से 73 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष अनुरोध पत्रों को प्रकरण के निस्तारण में लगने वाले समय के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश कैबिनेट मंत्री द्वारा दिये गये। कार्यक्रम में जिन–जिन लोगों ने अपने प्रार्थना पत्र समस्याओं के निदान के लिये प्रस्तुत किये उनमें–सुश्री अंजू देवी, विनीता रावत, मो0 यूसूफ मलिक, जल सिंह सैनी, युधिष्ठिर त्यागी, श्वाति चौधरी, शेषराज सिंह, जगपाल सिंह, कुंवरपाल सिंह, राजकुमार, पंकज कुमार, श्रवण कुमार, नरेन्द्र कुमार, नेहा त्यागी, मदन लाल, श्रीमती मायादेवी, पंकज सतीजा, लता कश्यप, अकरम जावेद, नसीर अहमद, सन्तोष अग्रवाल, प्रमोद कुमार, प्रवीण, अनूप सिंह, मंजू देवी, पूनम देवी, नौशाद, मोमिन अंसारी, जसबीर सिंह आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा, झबरेड़ा पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, रूड़की भाजपा अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, ब्लाक प्रमुख रूड़की लुबना राव, ब्लाक प्रमुख खानपुर, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पी0एल0 शाह, संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की अभिनव शाह, एसपी देहात, सिटी मजिस्ट्रेट नूपुर वर्मा, एमएनए रूड़की विजयनाथ शुक्ल, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, जीएमडीआईसी पल्लवी गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी टी0आर0 मलेठा, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, एआर कोआपरेटिव राजेश चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलेखा सहगल, सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल, राव काले खां, भारत कपूर, तहसीलदार रूड़की शालिनी मौर्य, खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, आम जन सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

सम्पादकीय

## कैशलेस उपचार की व्यवस्था

राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गोल्डन कार्ड की व्यवस्था शुरू की गई थी लेकिन सरकार की यह योजना शुरुआत के साथ ही विवादों में चढ़ गई और इसके भुगतान को लेकर कर्मचारियों में अंसंतोष भी देखा गया। जारी संगठनों द्वारा गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं इसके बाद किए जाने वाले उपचार को लेकर सवाल खड़े किए गए थे जबकि सरकार गोल्डन कार्ड के संचालन को लेकर इसमें व्यापक परिवर्तन एवं सुधार के अवसर तलाश रही थी। नई व्यवस्थाओं के तहत राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से अब तक कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों के 4.52 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। इन्हीं कार्डधारकों को कैशलेस की नई व्यवस्था से सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी भी पेंशनरों के गोल्डन कार्ड पूरी तरह से नहीं बन पाए हैं और इस प्रक्रिया को भी पूरा किया जाना है। गोल्डन कार्ड के तहत अभी तक कर्मचारियों व पेंशनरों को भर्ती होने पर कैशलेस इलाज की सुविधा है, जबकि ओपीडी इलाज में जांच और दवाइयों पर होने वाले खर्च की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की जाती है। कर्मचारी संगठन इसी व्यवस्था का विरोध कर रहे थे और उनका कहना था कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों को उपचार के दौरान किसी भी प्रकार से भुगतान ना करना पड़े एवं सीजीएचएस की तरह ही इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उत्तराखंड में जनवरी 2021 में आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य स्कीम (सीजीएचएस) में कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू की थी। इसमें व्यवस्था की गई थी कि कर्मचारियों एवं पेंशनरों के डेट निश्चित अंशदान के बाद इलाज में खर्च की कोई सीमा निश्चित नहीं की जाएगी। संपूर्ण इलाज गोल्डन कार्ड के तहत ही किया जाएगा। गोल्डन कार्ड जारी किए जाने के बावजूद अभी तक लाभान्वित कर्मचारियों को इलाज और दवाइयों पर किए गए पैसे का भुगतान बाद में किया जाता है कर्मचारी संगठनों ने अपना विरोध व्यक्त किया है। इसी व्यवस्था को सुधारते हुए अब कर्मचारियों व पेंशनरों को जांच और दवाइयों के लिए नकद भुगतान नहीं करना पड़ेगा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सीजीएचएस की सुविधा के तहत निर्धारित अस्पतालों में भर्ती होने के बाद किसी भी प्रकार से भुगतान नहीं करना पड़ता है और इसी तर्ज पर राज्य कर्मचारियों ने भी सुविधा की मांग की थी। यदि नई व्यवस्था चालू हो जाती है तो राज्य सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को उपचार के दौरान किसी भी प्रकार का भुगतान अस्पताल में नहीं करना होगा इससे जहां एक तरफ मरीज एवम परिजनों को व्यर्थ की भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी तो वहीं दूसरी ओर धन अभाव के कारण उपचार को रोका नहीं जा सकेगा।

# अमीर अमेरिका में खजाना खाली !

**श्रुति व्यास**

अमेरिका कर्ज़ के भंवर में है। और यह संकट काफी गंभीर है झ इतना गंभीर कि इसके कारण राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी आगामी विदेश यात्राएं रद्द कर दीं हैं। उन्होंने हिरोशिमा में जी7 देशों की बैठक में भाग लेने के बाद अमेरिका वापस लौटने का निर्णय लिया है। क्वाड देशों के नेताओं की शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए उनकी ऑस्ट्रेलिया यात्रा रद्द हो गई है। वे अब पापुआ न्यू गिनी भी नहीं जा रहे हैं, जो कि किसी भी अमरीकी राष्ट्रपति की प्रशांत महासागर में स्थित इस आइलैंड नेशन की पहली यात्रा होती।

अमेरिका का खजाना खाली है और ऐसा होना रातोंरात नहीं हुआ है। खजाने के खाली होने का सिलसिला इस साल के शुरुआत से ही शुरू हो गया था। जनवरी की 19 तारीख़ को ही अमरीकी सरकार ने कर्ज लेने की अपनी सीमा (31.4 ट्रिलियन डॉलर) को पार कर लिया था परन्तु वित्त विभाग ने कुछ तिकड़में भिड़ा कर बिलों का भुगतान करना जारी रखा।

कर्ज की सीमा क्या है? कर्ज की सीमा वह धनराशि है जिसे उधार लेने के लिए अमेरिका की सरकार को कांग्रेस द्वारा अधिकृत किया जाता है। इस धन का इस्तेमाल सरकार अपने सभी खर्चों को पूरा करने के लिए करती हैं जिसमें मेडिकल इंश्योरेंस से लेकर सैनिकों की तनख्वाह तक शामिल है।अभी यह सीमा 31.4 ट्रिलियन डॉलर है, जो कि देश की जीडीपी का 117 प्रतिशत है। जनवरी में इस सीमा के पार होने के बाद से सरकार कुछ 'असाधारण उपायोंझ की मदद से अपनी देनदारियां चुकाती रही है। परन्तु हालात बिगड़ते जा रहे हैं। अब डर यह है कि सरकार अपने कर्जे नहीं चुका पायेगी, जिसके कारण निवेशकों का अमरीकी डॉलर में भरोसा कम होगा।

स्टॉक मार्केट गिरेगा।नौकरियां घटेंगी और अंततः मंदी आएगी। जाहिर है कि अगर यह सब हुआ तो इससे केवल अमेरिका ही प्रभावित नहीं होगा बल्कि पूरी दुनिया पर इसका असर होगा।

यह खबर सुर्खियां तब बनी जब ट्रेज़री सेक्रेटरी (हमारे देश के वित्त मंत्री के समकक्ष पद) जेनेट एल. येलेन ने कल कहा कि 1 जून तक यह नौबत आ सकती है कि अमेरिका के पास अपने बिल चुकाने के लिए पैसे नहीं बचें।

वैसे यदि कर्ज की सीमा बढ़ाई भी जाती है तब भी इस मुद्दे पर जो लम्बी राजनैतिक कुश्ती चलेगी उससे आगे चल कर आर्थिकी को नुकसान ही होगा। पूर्व में भी कर्ज की सीमा को लेकर विवादों के नतीजे में सरकार को 'शटडाउनझ करना पड़ा है। अब तक का सबसे लम्बा शटडाउन 35 दिन का था जो 22 दिसंबर 2018 से 25 जनवरी 2019 तक चला था। इससे देश को 11 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ था जिसमें से 3 बिलियन डॉलर का नुकसान स्थाई था। इसके पहले 2011 में कर्ज की सीमा को लेकर हुई जबरदस्त रस्साकशी के चलते क्रेडिट रेटिंग एजेंसी स्टैण्डर्ड एंड पुअर ने इतिहास में पहली बार अमेरिका की सरकार की क्रेडिट रेटिंग घटा दी थी, जिससे सरकार के लिए कर्ज लेना महंगा हुआ।



**अमेरिका का खजाना खाली है और ऐसा होना रातोंरात नहीं हुआ है। खजाने के खाली होने का सिलसिला इस साल के शुरुआत से ही शुरू हो गया था। जनवरी की 19 तारीख़ को ही अमरीकी सरकार ने कर्ज लेने की अपनी सीमा (31.4 ट्रिलियन डॉलर) को पार कर लिया था परन्तु वित्त विभाग ने कुछ तिकड़में भिड़ा कर बिलों का भुगतान करना जारी रखा।**

**कर्ज की सीमा क्या है? कर्ज की सीमा वह धनराशि है जिसे उधार लेने के लिए अमेरिका की सरकार को कांग्रेस द्वारा अधिकृत किया जाता है। इस धन का इस्तेमाल सरकार अपने सभी खर्चों को पूरा करने के लिए करती हैं जिसमें मेडिकल इंश्योरेंस से लेकर सैनिकों की तनख्वाह तक शामिल है।अभी यह सीमा 31.4 ट्रिलियन डॉलर है, जो कि देश की जीडीपी का 117 प्रतिशत है। जनवरी में इस सीमा के पार होने के बाद से सरकार कुछ 'असाधारण उपायोंझ की मदद से अपनी देनदारियां चुकाती रही है। परन्तु हालात बिगड़ते जा रहे हैं। अब डर यह है कि सरकार अपने कर्जे नहीं चुका पायेगी, जिसके कारण निवेशकों का अमरीकी डॉलर में भरोसा कम होगा।**

सो आर्थिक संकट दरवाज़े पर है, इसके संकेत काफी समय से मिल रहे थे।पर इन दिनों अमेरिका की राजनीति काफी गंदली हो गयी है। महीनों गुजऱ गए परन्तु कांग्रेस यह तय नहीं कर पाई कि उसे कर्ज की सीमा बढ़ानी है या कुछ समय के लिए उसे निलंबित करना है ताकि सरकार अपनी ज़रूरतें पूरी करने के लिए धन जुटा सके।

सचमुच कितनी बुरी बात है कि आर्थिक संकट के सिर पर आ जाने के बाद भी रिपब्लिकन और डेमोक्रेट पार्टी के सांसद मिलजुलकर कोई राह नहीं निकाल रहे थे।

अंततः राष्ट्रपति जो बाइडन ने पहल की और नौ मई को दोनों पार्टियों के नेताओं को बातचीत के लिए व्हाइट हाउस बुलाया। परन्तु फिर भी कोई रास्ता नहीं निकला और यही कारण है कि उन्हें अपने विदेश यात्राएं रद्द करनी पडीं ताकि वे वाशिंगटन वापस आ कर कांग्रेस के नेताओं के साथ, उनके स्वयं के शब्दों में, 'अंतिम बातचीतझ कर सकें।

कांग्रेस ने अब तक कर्ज की सीमा को क्यों नहीं बढ़ाया? इसके पीछे है राजनीति जो दुनिया की बहुत सी बुराईयों और मुसीबतों की जड़ है।

इस समय अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकनों का बहुमत हैं। वे चाहते हैं कि सरकारी खर्च में कटौती करवाई जाए और खर्च कहाँ और कैसे हो, इस बारे में कुछ शर्तें लगाईं जाएँ। रिपब्लिकनों में भले ही अर्थव्यस्था की समझ न हो परन्तु राजनीति की उन्हें भरपूर समझ है। उनका दकियानूसी धड़ा चाहता है कि उसका रुआब बना रहे। परन्तु बाइडन प्रशासन नहीं चाहता कि सरकार के खर्चे में कटौती पर कोई बात हो। हाउस ऑफ़ रिप्रेजेन्टेटिव्स के रिपब्लिकन स्पीकर केविन मेकार्थी ने कुछ समय पहले एक बिल प्रस्तावित किया था जिसके तहत मौजूदा सीमा को 2024 तक जारी रखा जाना था और अगले दशक में सरकारी खर्च में कई ट्रिलियन डॉलर की कमी की जानी थी। इस कमी से क्लाइमेट चेंज से निपटने की योजनाओं पर पानी फिर जाता। इस विवाद के कारण बहुत भद्दी स्थितियां बनीं और आर्थिक संकट और नज़दीक आ गया।

हाल में हुई चर्चा और समझौता वार्ताओं के दौर से राजनीति के पंडितों में आशा है कि बाइडन और मेकार्थी दोनों कुछ नरम पड़ेंगे। परन्तु कर्ज के मामले में उनमें समझौता हो जायेगा, यह अभी साफ़ नहीं है।

जहाँ तक अर्थशास्त्रियों का सवाल है, वे बहुत आशान्वित नहीं हैं।वैसे अभी तक स्टॉक मार्केट में अफरातफरी नहीं मची है क्योंकि इन्वेस्टर्स को ऐसा लग रहा है कि जो चल रहा है वह केवल राजनैतिक वाकयुद्ध है और आशा करनी चाहिए कि यही सच हो। मगर यदि यह आशावाद फेल हुआ? तब निश्चित ही अमेरिका के सकंट में दुनिया की आर्थिकी में छोटा–मोटा ज़लज़ला जरूर आएगा।


# तैयार रहे, तापमान तो बढ़ेगा !

**श्रुति व्यास**

दुनिया का हर जानकार कह रहा है कि यदि धरती को बचाना है तो दुनिया के औसत तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोत्तरी की सीमा को कतई पार नहीं होने दे। लेकिन कहना है और टारगेट बहुत कठिन। विशेषकर इसलिए क्योंकि आबादी, माल और सेवाओं की मांग और भू–राजनैतिक तनाव झ तीनों बढ़ रहे हैं। सही है कि दुनिया के देशों ने समस्या की गंभीरता को समझा हुआ है। सन 2015 में पेरिस समझौते पर दस्तखत करके संकल्प भी लिया था कि औद्योगिक क्रांति से पूर्व दुनिया का जो औसत तापमान था, उसमें 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि नहीं होने दी जाएगी। परन्तु जैसे–जैसे समय बीतता गया, सभी को समझ आने लगा है कि इस संकल्प को पूरा करना आसान नहीं होगा।

कल (मई 17, 2023) संयुक्त राष्ट्रसंघ के वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल आर्गेनाईजेशन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि अगले पांच वर्षों में से कम से कम एक वर्ष में तापमान में वृद्धि की 1.5 डिग्री की सीमा पार होने की सम्भावना 66 प्रतिशत है। एक साल पहले डब्ल्यूएमओ ने इसकी सम्भावना 48 प्रतिशत बताई थी। इस संगठन का यह भी कहना है कि अगर 1.5 डिग्री की सीमा पार न भी हुई तब भी यह तो पक्का है कि अगले पांच सालों में से एक साल मानव इतिहास का सबसे गर्म साल होगा। इसके पहले यह रिकॉर्ड 2016 के नाम था। उस साल का औसत तापमान, औद्योगिक क्रांति से पहले की दुनिया की तुलना में 1.28 डिग्री ज्यादा था।

इस अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव पेटेरी टालस ने चेतावनी देते हुआ कहाहै, इसके स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, वाटर मैनेजमेंट और पर्यावरण पर व्यापक प्रभाव होंगे। हमें तैयार रहना होगा।




तापमान में संभावित वृद्धि के लिए मानव जाति तो ज़िम्मेदार है ही, इसका पीछे एल नीनो भी है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल आर्गेनाईजेशन के अनुसार अगले पांच सालों में उत्तरी यूरोप और अफ्रीका में सहारा रेगिस्तान के दक्षिण के स्थिति सहेल इलाके में गर्मी के मौसम में ज्यादा बारिश हो सकती है और अमेजऩ व ऑस्ट्रेलिया में कम। इसका सबसे बड़ा कारण है एल नीनो सदर्न ऑक्सीलेशन, जिससे आशय है प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से के गर्म और ठंडे होना का प्राकृतिक चक्र। इस चक्र का दुनिया के मौसम पर व्यापक असर होता है।

जब प्रशांत महासागर का पानी ठंडा होता है तब उसे ला नीना कहा जाता है। पिछले तीन सालों से यही हो रहा था, जिसके कारण पूरी दुनिया में तापमान कम था। इस साल इस चक्र का दूसरा हिस्सा, जिसमें पानी गर्म होता है और जिसे एल नीनो कहा जाता, शुरू होने वाला है। ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते स्तर के कारण धरती पहले से ही गर्म होती जा रही है। एल नीनो तापमान को और बढाएगी जिसके कारण इस साल जला देने वाली गर्मी पड़ेगी।

अभी तक सबसे गर्म साल, 2016, भी एल नीनो का साल था। इसका अर्थ यह नहीं कि हमें हाथ पर हाथ धर कर बैठ जाना चाहिए और तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री से कम रखने के पेरिस क्लाइमेट एग्रीमेंट के लक्ष्य को भूल जाना चाहिए। सारे देश यदि मिल कर काम करें तो हम इस सीमा की भीतर रह सकते हैं। इसके लिए ज़रूरी होगा कि हर साल 3.5 बिलियन से लेकर 5.4 बिलियन टन के बीच कार्बन डाइऑक्साइड को वातावरण से बाहर किया जाए। अगले 30 सालों में इस मात्रा को 4.7 बिलियन से लेकर 9.8 बिलियन टन करना होगा। इस साल नवम्बर में 28वीं यूनाइटेड नेशन्स क्लाइमेट चेंज कांफ्रेंस (कॉप28) आयोजित होगी जिसमें दुनिया भर की सरकारें मिल–बैठ कर यह विचार करेंगी कि पेरिस समझौते में निर्धारित लक्ष्यों को पाने की दिशा में हम कितना आगे बढे। जब हिसाब–किताब होगा तब संभवतः यही सामने आएगा कि तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री के अन्दर रखने के लिए जो ज़रूरी है अर्थात ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की कमी लाना हम उस लक्ष्य से बहुत दूर हैं।

**तापमान में संभावित वृद्धि के लिए मानव जाति तो ज़िम्मेदार है ही, इसका पीछे एल नीनो भी है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल आर्गेनाईजेशन के अनुसार अगले पांच सालों में उत्तरी यूरोप और अफ्रीका में सहारा रेगिस्तान के दक्षिण के स्थिति सहेल इलाके में गर्मी के मौसम में ज्यादा बारिश हो सकती है और अमेजऩ व ऑस्ट्रेलिया में कम। इसका सबसे बड़ा कारण है एल नीनो सदर्न ऑक्सीलेशन, जिससे आशय है प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से के गर्म और ठंडे होना का प्राकृतिक चक्र। इस चक्रका दुनिया के मौसम पर व्यापक असर होता है। जब प्रशांत महासागर का पानी ठंडा होता है तब उसे ला नीना कहा जाता है। पिछले तीन सालों से यही हो रहा था, जिसके कारण पूरी दुनिया में तापमान कम था। इस साल इस चक्रका दूसरा हिस्सा, जिसमें पानी गर्म होता है और जिसे एल नीनो कहा जाता, शुरू होने वाला है। ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते स्तर के कारण धरती पहले से ही गर्म होती जा रही है। एल नीनो तापमान को और बढाएगी जिसके कारण इस साल जला देने वाली गर्मी पड़ेगी।**

# जब घर कमजोर हो

घरेलू मजबूरी के कारण दो महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों को रद्द करना बाइडेन प्रशासन की कूटनीति लिए एक करारा झटका है। आशंका है कि इससे अमेरिकी प्राथमिकता को लेकर भरोसे का संकट बढ़ सकता है।

जो बाइडेन के सामने एशिया–प्रशांत यात्रा में कटौती की मजबूरी उसके घरेलू संकट की वजह आई है। अमेरिका का कर्ज सीमा संकट नाजुक मोड़ पर पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि अगर इसी महीने कांग्रेस कर्ज सीमा बढ़ाने पर राजी नहीं हुई, तो अमेरिका के लिए ऋण डिफॉल्ट करने तक की नौबत आ सकती है। अमेरिका के ऋण सीमा संकट ने राष्ट्रपति जो बाइडेन की एक बड़ी कूटनीतिक पहल की बलि ले ली है। इस कारण उन्हें न्यू पापुआ गिनी में आयोजित प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप देशों के नेताओं की बैठक को रद्द करना पड़ा है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया में होने वाली क्वाड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वेड) की शिखर बैठक को रद्द करना पड़ा है। बाइडेन के अचानक अपनी एशिया–प्रशांत क्षेत्र की यात्रा के कार्यक्रम में कटौती करने को फैसले को अमेरिकी कूटनीति के लिए एक जोरदार झटका समझा जा रहा है। अमेरिका में कर्ज सीमा को लेकर चल रहे विवाद के कारण राष्ट्रपति को यह कदम उठाना पड़ा। बाइडेन ने पापुआ न्यू गिनी में प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप देशों के शिखर सम्मेलन को संबोधित करने की योजना बनाई थी। यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की पापुआ न्यू गिनी की पहली यात्रा होगी।

इस क्षेत्र में हाल के वर्षों में चीन का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। बाइडेन का मकसद उन द्वीपों की तरफ दोस्ती और सहायता का हाथ बढ़ा कर चीन के प्रभाव को नियंत्रित करना था। अमेरिका ने बाइडेन की इस यात्रा को हाई प्रोफाइल बनाने के लिए जी–7 शिखर बैठक और पापुआ न्यू गिनी में उनके कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अपने सहयोगी कई देशों के नेताओं को आमंत्रित किया था। लेकिन अब घरेलू तकाजे के कारण उन्होंने अचानक इन देशों के नेताओं से मिलने का कार्यक्रम रद्द कर दिया है। विश्लेषकों के मुताबिक जिस समय अमेरिका की सामरिक नीति में एशिया–प्रशांत केंद्रीय स्थान दिया गया है, घरेलू मजबूरी के कारण दो महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों को रद्द करना बाइडेन प्रशासन की कूटनीति लिए एक करारा झटका है। आशंका है कि इससे अमेरिकी प्राथमिकता को लेकर भरोसे का संकट बढ़ सकता है।

# अगर राजनीतिक साहस हो

आसमान में जाने वाली ग्रीन हाउस गैसें किसी सीमा का पालन नहीं करती हैं। ग्रीन हाउस गैसे चाहे धनी देशों में उत्पन्न हों, या गरीब देशों– शहर में या गांव में– जलवायु पर उनका समान असर होता है।

भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय की सलाहकार समिति ने एक उचित सिफारिश की है। उसने केंद्र सरकार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि भारत को 2027 तक 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में डीजल से चलने वाली गाडियों पर पूरा बैन लगा देना चाहिए। उसने कहा है कि कार्बन उत्सर्जन में कटौती और प्रदूषित शहरों में इलेक्ट्रिक और गैस–ईंधन वाले वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना चाहिए। संभवतः इन कदमों से भारत को साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को नेट जीरो तक लाने का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। लेकिन क्या सरकार (उस समय जो भी सत्ता में हो) यह सिफारिश मानने का राजनीतिक साहस दिखाएगी? यह सवाल इसलिए प्रासंगिक है, क्योंकि डीजल की कारें अब ज्यादातर महंगी– एसयूवी श्रेणी में बिक रही हैं। जाहिर है, इन कारों के साथ कार कंपनियों के अलावा देश के नव–धनिक वर्ग के हित भी शामिल हैं। फिर समिति की यह सिफारिश भी समस्याग्रस्त है कि ऐसा कदम सिर्फ शहरों में उठाया जाना चाहिए।

आसमान में जाने वाली ग्रीन हाउस गैसें किसी सीमा का पालन नहीं करती हैं।

# फिर चुनाव का क्या मतलब ?

थाईलैंड के चुनाव में जो बदलाव की जन इच्छा दिखी, असल में वह शायद बदलाव नहीं आ पाएगा। देश के सत्ता तंत्र पर कंजरवेटिव शासक वर्ग का नियंत्रण है। वह चेहरे में भी ऐसा बदलाव पसंद नहीं करता, जिसे लाने में उसका हाथ ना हो।

थाईलैंड में संसद के निचले सदन का आम चुनाव हुआ। लेकिन अब वहां आशंकाएं गहरा रही हैं कि जनादेश में जो बदलाव की इच्छा दिखी, असल में वह बदलाव शायद ना आ पाए। कारण यह है कि देश के सत्ता तंत्र पर कंजरवेटिव शासक वर्ग का नियंत्रण है। हालांकि चुनाव में अधिक समर्थन पाने वाली पार्टियां भी इसी वर्ग का हिस्सा हैं, लेकिन उनके लिए भी अपने सियासी वादों को लागू कर पाना आसान नहीं है। चुनाव में मूव फॉरवर्ड पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी, जबकि पेउआ थाई पार्टी दूसरे नंबर पर रही। मूव फॉरवर्ड पार्टी फ्यूचर फॉरवर्ड पार्टी का नया संस्करण है। फ्यूचर फॉरवर्ड को प्रतिबंधित कर दिया गया था। नए संस्करण के साथ ऐसा नहीं होगा, यह कोई यकीन के साथ कहने को तैयार नहीं है। कई हलकों से मूव फॉरवर्ड पर वोट पाने के लिए धन बांटने के आरोप लगाए गए हैं। इस कारण बहुत–सी सीटों पर चुनाव नतीजे का औपचारिक एलान नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि लगे आरोपों का निपटारा करने में निर्वाचन आयोग को कई महीने लग सकते हैं।

सभी चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद ही नई सरकार बन पाएगी। उधर मूव फॉरवर्ड के नेता पिता लिमिजारोएनरात पर राजशाही को अपमानित करने के आरोप भी लगाए गए हैं। थाईलैंड राजशाही की आलोचना कानूनन प्रतिबंधित है। ऐसा करने पर 15 साल की कैद हो सकती है। ऐसे संभवतः आरोप उन लोगों की तरफ से लगाए जा रहे हैं, जो यथास्थिति को बरकरार रखना चाहते हैं। मूव फॉरवर्ड ने संसद के 500 सदस्यों वाले निचले सदन में कुल 151 सीटें जीत कर सबको चौंका दिया है। दूसरे नंबर पर पेउआ थाई पार्टी रही। यह पूर्व प्रधानमंत्री ताकसिन शिनावत्रा की पार्टी है। शिनवत्रा को देश निकाला दे दिया गया था। अब उनकी छोटी बेटी पायेतोंगतर्ण इस पार्टी की नेता हैं। पिता अमेरिका की हारवर्ड यूनिवर्सिटी से ग्रैजुएट हैं और उनके परिवार के थाकसिन शिनवत्रा के पारिवारिक रिश्ते रहे हैं। इस तरह सत्ता कुछ परिवारों के इर्द–गिर्द ही सिमटी रहनी है। लेकिन मुमकिन है कि सत्ता प्रतिष्ठान को चेहरे का बदलाव भी पसंद ना आए।

00

# यही वो 6 वजहें हैं जिसके चलते नहीं घट रहा है आपका वजन




वजन कम करना एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण काम है. सख्त आहार और घंटो जिम में पसीना बहाने के बावजूद कुछ लोगों को मन मुताबिक परिणाम नहीं मिलता है.ये काफी निराशाजनक हो सकता है.कई लोग डीमोटीवेट हो कर सबकुछ छोड़ बैठते हैं. ऐसा करने से पहले आइए कुछ कारणों का पता लगाएं कि आपका वजन कम क्यों नहीं हो रहा है और इन बाधाओं को दूर करने के लिए आप क्या कर सकते हैं.

**ज्यादा कैलोरी का सेवन** वजन कम करने के लिए लोगों को संघर्ष करने के सबसे आम कारणों में से एक यह है कि वे बहुत अधिक कैलोरी का सेवन कर रहे हैं.जो लोग स्वस्थ भोजन कर रहे हैं वो तब भी अपना वजन बढ़ा सकते हैं.अगर आप अपने शरीर की जरूरत से ज्यादा कैलोरी खा रहे हैं.वजन कम करने के लिए, आपको कैलोरी की कमी बनाने की ज़रूरत है, जिसका मतलब है कि आपको उपभोग करने से ज्यादा कैलोरी जलाने की जरूरत है.

**प्रोटीन कम लेना** प्रोटीन एक आवश्यक पोषक तत्व है जो आपके शरीर में टिशू के निर्माण और मरम्मत के लिए महत्वपूर्ण है. ये मसल मास को बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है, जो वजन घटाने के लिए जरूरी है. जब आप वजन कम करते हैं, तो आप न केवल वसा बल्कि मांसपेशियों को भी खो देते हैं. पर्याप्त प्रोटीन खाने से, आप वजन कम करने के दौरान अपनी मांसपेशियों को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं.प्रति दिन शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम कम से कम 0.8 ग्राम प्रोटीन का लक्ष्य रखें.

**सही नींद ना लेना** वजन घटाने के लिए नींद बेहद जरूरी है.नींद की कमी आपके हार्मोन को बाधित कर सकती है, जिसमें इंसुलिन, कोर्टिसोल और घ्रेलिन शामिल हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है. जब आप नींद नहीं ले पाते हैं, तो आपके भोजन के खराब विकल्प और अधिक खाने की संभावना भी अधिक हो सकती है.अपने वजन घटाने के मिशन को पूरा करने लिए प्रति रात 7–8 घंटे सोने का लक्ष्य रखें.

**पानी कम पीना** वजन घटाने के लिए पर्याप्त पानी पीना महत्वपूर्ण है. पानी आपके मेटबॉलिज्म को बढ़ावा देने, भूख को कम करने और आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद कर सकता है. प्रति दिन कम से कम 8 गिलास पानी का लक्ष्य रखें और सोडा और जूस जैसे शक्करयुक्त पेय से बचें, जिनमें कैलोरी अधिक हो सकती है.

**कंसिस्टेंसी नहीं होना** वजन घटाने की बात आने पर कंसिस्टेंसी महत्वपूर्ण है. सह परिणाम देखने के लिए आपको अपने आहार, व्यायाम और जीवनशैली की आदतों के अनुरूप होना चाहिए. यदि आप केवल कुछ समय के लिए अपने वजन घटाने की योजना पर टिके रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको मनचाहा परिणाम न मिले. एक योजना बनाएं और उस पर टिके रहें, यहां तक कि छुट्टियों के दौरान भी.

**तनाव होना** वजन घटाने पर तनाव का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. जब आप तनावग्रस्त होते हैं, तो आपका शरीर कोर्टिसोल छोड़ता है, जिससे भूख बढ़ सकती है और वजन बढ़ सकता है.

## संक्षिप्त समाचार

### नशे के खात्मे के लिए पुलिस ने मांगा जनसहयोग

रुड़की। सरकार के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत कोतवाली पुलिस ने रविवार को बहादरपुर खादर में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया। एसएसआई अंकुर शर्मा ने लोगों को नशे की लत से होने वाले आर्थिक व सामाजिक नुकसान के बारे में बताया। कहा कि आजकल के युवा नशीली दवा व स्मैक का नशा करने लगे हैं। ये दोनों चीजें धीमें जहर की तरह उनके शरीर में जाकर उनको बर्बाद कर रही हैं। कस्बा चौकी प्रभारी एसआई नीरज रावत ने पुलिस के ऑपरेशन मर्यादा की जानकारी दी। पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने, बालिग होने से पहले बच्चों को बाइक या स्कूटी न देने और बिना हेल्मेट दुपहिया वाहन न चलाने की अपील भी ग्रामीणों से की। साथ ही आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क कर मदद मांगने के लिए पुलिस अधिकारियों के सीयूजी नंबर व दूसरे पोर्टलों के टोल फ्री नंबर भी उन्हें बताए। चौपाल में मौजूद मौहम्मद इकबाल, धीर सिंह, राजेंद्र कुमार, कल्लू, अनवर, बाबर, तनवीर अली, अकहल अहमद, काला सिंह, बिजेंद्र सहित आदि ग्रामीणों ने पुलिस का सहयोग करने का वादा किया।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर याद किया

चमोली। कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी को भारत में सूचना तकनीकी क्रांति और पंचायतों में महिलाओं के आरक्षण अधिकार का अग्रदूत बताया। मौके पर बदरीनाथ विधायक राजेन्द्र भंडारी, योगेंद्र बिष्ट, आनंद सिंह पंवार, गोविंद सजवाण, युद्धवीर बर्त्वाल, ऊषा रावत, प्रकाश पुरोहित आदि मौजूद रहे।

### 70 व्यक्तियों का सत्यापन तो 11मकान मालिकों का चालान

चमोली। चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देश पर जनपद क्षेत्रान्तर्गत निवासरत मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, फड़–फेरी, रेड़ी, ठेले लगाने वाले व्यक्तियों, किरायेदारों के शत–प्रतिशत सत्यापन किये जाने हेतु सघन अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक कर्णप्रयाग बृजमोहन राणा के नेतृत्व में कर्णप्रयाग क्षेत्र में सत्यापन अभियान के दौरान रविवार को 70 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। इस दौरान बिना सत्यापन के किरायेदार रखने पर 11 मकान मालिकों के विरुद्ध धारा 83 पुलिस ऐक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए मौके पर एक लाख, दस हजार का जुर्माना वसूला गया।

### नोटबंदी पर उठाए सवाल

नई टिहरी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि दो हजार के नोटों का प्रचलन बंद करने को लेकर मोदी सरकार का फैसले यह बात स्पष्ट कर दी है कि नोटबंदी सरकार का गलत कदम था। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से राणा ने कहा कि नोटबंदी को कालाधन खत्म करने के वादे के साथ लाया गया था, लेकिन यह वादा खोखला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि काला धन नहीं आया बेरोजगारी बड़ी। गरीबी आई और देश का अर्थतंत्र बहुत कमजोर हुआ। आतंकवाद की कमर तोड़ने की बात करने वालों ने आज खुद उसी फैसले को वापस ले लिया गया है।

### भेल कर्मचारी के आवास पर गैस सिलेंडर ने पकड़ी आग

हरिद्वार। भेल सेक्टर पांच में एक कर्मचारी के आवास में गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। जिससे अफरातफरी मच गई। सूचना पर सीआईएसएफ और अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग से रसोई में रखा सामान जल गया। घटना रविवार दोपहर की है। जब भेल सेक्टर पांच में एक कर्मचारी के आवास पर मेहमान आए हुए थे। जिनके लिए गैस पर खाना बनाया जा रहा था। अचानक सिलेंडर से गैस लीक होने लगी और उसने आग पकड़ ली। जिससे रसोई में आग लग गई।

# पितृकुंड से भैरवनाथ मन्दिर क्षेत्र तक सफाई अभियान चलाया





रुद्रप्रयाग । श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को साफ–स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं सुलभ इंटरनेशनल को अपने–अपने क्षेत्रों में निरंतर बेहतर साफ–सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को साफ–सफाई व्यवस्था को लेकर कोई परेशानी एवं असुविधा न हो। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ चंद्रशेखर चौधरी ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा आज पितृकुंड से भैरवनाथ मन्दिर क्षेत्र तक सफाई अभियान चलाया गया । उन्होंने बताया कि सफाई अभियान के दौरान क्षेत्र के आसपास से लगभग 110 किलो अपशिष्ट एकत्र किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) दीपक गोस्वामी, सुपरवाइजर मुकेश कुमार तथा नगर पंचायत के अन्य पर्यावरण मित्र औरसुलभइंटरनेशनल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ने यह भी अवगत कराया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में मंदिर क्षेत्र के गोल चबुतरे पर प्लास्टिक पानी की बोतलों को रिफंड करने के लिए डिपाजिट रिफंड सेन्टर खोला गया है जिसमें व्यापारियों, दुकानदारों एवं तीर्थ यात्रियों से क्यूआर कोड़ वाली खाली प्लास्टिक बोतलों को कलेक्शन सेंटर पर जमा कराए जाने के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से अनाउंसमेंट किया जा रहा है तथा आज 108 क्यूआर कोड़ वाली बोतलें रिफंड कराई गई।

## पर्यटकों ने टिहरी झील में बोटिंग का लुफ्त उठाया

नई टिहरी। टिहरी बांध की झील में इन दिनों पर्यटक बोटिंग और साहसिक खेलों का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने टिहरी झील पहुंचे। आगामी दिनों में भी मौसम सुहावना रहा तो पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होनी की उम्मीद है।

बीते दिनों मौसम विभाग की ओर से बारिश और मौसम खराब की समय–समय पर चेतावनी जारी किये जाने से टिहरी झील में कम संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे, लेकिन बीते एक सप्ताह से चटक धूप खिलने और मैदानी क्षेत्रों में तापमान में हो रही वृद्धि के चलते बड़ी संख्या में पर्यटक पहाड़ों का रूख कर रहें हैं। गंगा भागीरथी बोट समिति के संरक्षक कुलदीप पंवार ने बताया कि रविवार को टिहरी झील में ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून, उत्तर प्रदेश, हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने पहुंचे। पर्यटकों ने सामान्य बोट, स्पीड बोट, बनाना राइडिंग,वाटर स्कूटर, पैरासेलिंग का जमकर लुत्फ उठाया।

बताया रविवार को इस सीजन में पहली बार शाम चार बजे शाम तक तक करीब आठ सौ से अधिक पर्यटकों ने झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया। कहा कि आगे भी इसी तरह मौसम सुहावना बना रहा तो बोटिंग के लिये पर्यटक बड़ी संख्या में टिहरी झील का रुख कर सकते हैं।

### विकास मंच थत्यूड़ ने अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रखीं

नई टिहरी। जौनपुर विकास मंच थत्यूड़ के पदाधिकारियों ने जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अवगत करवाया। विकास मंच के अध्यक्ष रतनमणी भट्ट तथा अन्य पदाधिकारियों ने सहायक उद्यान अधिकारी सुंदरलाल शाह से क्षेत्र के काश्तकारों को अदरक के बीज उपलब्ध करने, बीडीओ सोहनलाल से ग्रामीणों का लंबित मनरेगा का भुगतान करने, बीईओ विनीता से विद्यालयों में शिक्षकों तैनाती करने की मांग की। लोनिवि के सहायक अभियंता से थत्यूड़ ढाणा सड़क मार्ग का डामरीकरण करने की मांग की।

मंच महामंत्री खेमराज भट्ट, महिपाल रावत, विजय गुसाईं, शैलेंद्र नौटियाल आदि ने इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया।

## कांग्रेस ने पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी



हरिद्वार। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर महानगर कांग्रेस ने सुभाष घाट स्थित कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने एक आदर्श भारत बनाने का जो सपना देखा था जिसको पूरा करने में उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। हम संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्श भारत को बनाने के स्वप्न को पूरा करने का काम करेंगे। कार्यकारी महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि राजीव गांधी ने 18 वर्ष की उम्र के युवाओं को मताधिकार देकर इस देश के निर्माण में भागीदार बनाने का ऐतिहासिक काम किया। पंचायती राज को सुदृढ़ करने का कार्य सराहनीय कदम रहा। प्रदेश कांग्रेस सदस्य मुरली मनोहर, वरिष्ठ नेता नईम कुरैशी, पार्षद राजीव भार्गव और शहाबुद्दीन अंसारी ने कहा कि राजीव गांधी ने कंप्यूटर क्रांति, 18 वर्ष की उम्र में मताधिकार, पंचायती राज को सुदृढ़ करने जैसे सभी ऐतिहासिक कार्य किए। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जिला महासचिव यूथ कांग्रेस शुभम जोशी, नगर अध्यक्ष ज्वालापुर अंकित चौहान, शंकर अग्रवाल, हरजीत सिंह, करतार सिंह खारी, नितिन यादव, अश्विन कौशिक, इरशाद खान, तरुण व्यास, ओम मलिक, शोकत अली, पप्पू वाल्मीकि, अंशुल कौशिक, शुभम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## राधिका एनक्लेव तक सर्विस रोड का लोकार्पण



हरिद्वार। बहादराबाद स्थित लज्जा होटल से राधिका एनक्लेव तक हाईवे किनारे नवनिर्मित सर्विस रोड का विधायक रवि बहादुर और स्थानीय लोगों ने रिबन काटकर लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि चार महीने पूर्व राधिका एनक्लेव के निवासियों और प्रधान द्वारा हाईवे पर सर्विस रोड के लिए प्रस्ताव दिया था। क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि सर्विस लेन नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं। राधिका एनक्लेव तक जाने के लिए लोग हाईवे की गलत दिशा से जाते थे जिसके कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही थीं। इसके लिए सर्विस लेन की बहुत आवश्यकता थी। एनएच के अधिकारियों से वार्ता कर चार महीने में सड़क बनवाई। प्रधान नीरज चौहान ने कहा कि विधायक रवि बहादुर द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य जोरशोर से हो रहे हैं। इस अवसर पर नीरज प्रधान, अक्षय चौहान, राजबीर, नीरज राना, मनोज शर्मा, राजकुमार राघव, कुलदीप सैनी, प्रवीण कुमार, रूपेश कुमार, लक्ष्मण रावत, सतेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार, मनोज सैनी, संजय प्रजापति, भारत शर्मा, निदीष त्यागी, हरविंदर सिंह, नितिन सैनी, जोगिंदर, हरेंद्र त्यागी, अनिल कपूर, नेत्रपाल आदि उपस्थित थे।

### विवाह योग्य 60 युवक–युवतियों का परिचय करवाया

देहरादून। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति की ओर से विवाह योग्य युवक–युवतियों का परिचय करवाया गया। परिचय सम्मेलन के दौरान देवभूमि ब्राह्मण संजीवनी पत्रिका के छठवें अंक का विमोचन भी किया गया। हिन्दू नेशनल इंटर कॉलेज लक्ष्मण चौक में आयोजित सम्मेलन में पदमविभूषण जगद्गुरु स्वामी राम भद्राचार्य ने समिति के कार्यों की सराहना की।

सम्मेलन के बाद शिवाजी धर्मशाला से कलश यात्रा निकाली गई। 101 धर्म ध्वज और जय श्रीराम के जयकारों के साथ निकली यात्रा हिन्दू नेशनल इंटर कॉलेज लक्ष्मण चौक पहुंची। यहां कलश स्थापना के बाद पहले दिन की रामकथा शुरू हुई।

## सिंचाई विभाग का गौरव दोबारा स्थापित करेंगे इंजीनियर

देहरादून। उत्तराखंड सिंचाई अभियंता एसोसिएशन (सीधी भर्ती अधिकारी) के प्रथम अधिवेशन में सिंचाई विभाग के गौरवशाली इतिहास को पुनः स्थापित करने का संकल्प किया गया।

रविवार को आईएसबीटी के निकट स्थित इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने अपनी छह सूत्री मांगों को भी प्रमुखता से उठाया और तबादला सत्र में सीधी भर्ती के अधिकारियों के साथ नाइंसाफी न होने देने की अपील भी की। मुख्य अतिथि सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने इंजीनियरों से उनकी सभी मांगों पर गंभीरतापूर्व विचार करने और जनहित के अनुसार उनका समाधान करने का वादा किया। महाराज ने कहा कि अवस्थापना विकास और निर्माण से जुड़े सभी विभाग आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करें। उत्तराखंड को भूंकप के प्रति संवेदनशील जोन माना जाता है। इसलिए हर निर्माण कार्य में भूकंपरोधी तकनीक का प्रयोग होना जरूरी है। इसी प्रकार राज्य में टनल के प्रयोग को बढ़ाना होगा। महाराज ने अधिवेशन के लिए एसोसिएशन को बधाई भी दी। इस मौके पर सिंचाई सचिव हरिचंद सेमवाल,मुख्य अभियंता–अल्मोड़ा चंद्रशेखर, सिंचाई अभियंता ऐसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष कटियार, महामंत्री रामस्वरूप बडोनी, सुधीर सैनी, पूर्व एचओडी एके दिनकर, डीपी जुगरान, एसएम सक्सेना, आरके गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## लैब टैक्नीशियनों ने की वरिष्ठता के आधार पर नियुक्ति की मांग

देहरादून। मेडिकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट संघ ने लैब टैक्नीशियन नियमावली में बदलाव करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लैब टैक्नोलॉजिस्ट को भी नर्सिंग संवर्ग की भांति वरिष्ठता के आधार पर नियुक्ति दी जाए। मेडिकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत से मुलाकात की। इस दौरान संघ के सदस्यों ने कहा कि राज्य में लम्बे समय से लैब टैक्नोलॉजिस्ट नियमावली तैयार नहीं हो पाई है। जो नियमावली बन रही है उसका प्रस्ताव तैयार हुए भी सालों बीत गए हैं। उन्होंने मांग की कि इस नियमावली के प्रस्ताव में बदलाव कर लैब टैक्नीशियन की भर्ती वरिष्ठता के आधार पर कराई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में लम्बे समय से टैक्नीशियन संविदा के आधार पर नियुक्त हैं। लेकिन कोई भर्ती नहीं निकल रही। उन्होंने मांग की कि मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में खाली चल रहे पदों को वरिष्ठता के आधार पर भरा जाए। उन्होंने कहा कि नर्सिंग भर्ती की तरह लैब टैक्नीशयन भर्ती को भी वरिष्ठता के आधार पर किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने संघ के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों के संदर्भ में सकारात्मक कार्रवाई की जाए।

### युवा पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाया

देहरादून। भारतीय मजदूर संघ की राष्ट्रीय मंत्री अंजली पटेल ने कहा कि युवा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ पदाधिकारियों के अनुभव का लाभ उठाते हुए कार्य करना चाहिए। रविवार को भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड के देहरादून स्थित मुख्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने युवा पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाया। बैठक में अध्यक्ष संजीव विश्नोई, अवनीश कांत सुनील कुमार मेहता, शेखरानंद पांडे, सुमित सिंघल, गोविंद सिंह बिष्ट, अजय कांत शर्मा, पदम सिंह धमांदा ने विचार रखे।

## नदी किनारे नशे व तम्बाकू का सेवन करने वालों को पुलिस ने पढ़ाया मर्यादा का पाठ



रुद्रप्रयाग। जनपद रुद्रप्रयाग मुख्यालय स्थित अलकनन्दा व मंदाकिनी नदी के संगम व इन नदियों के किनारे पर बने घाटों पर नशेड़ी प्रवृत्ति के युवाओं द्वारा नशा कर गन्दगी फैलाने व इससे आम जनमानस व भ्रमण पर आये श्रद्धालुओं को हो रही परेशानियों की शिकायतों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक, रुद्रप्रयाग के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग जयपाल सिंह नेगी व उनकी टीम द्वारा इन स्थानों पर औचक छापेमारी की कार्यवाही की गयी। उनके द्वारा पाया कि कुछ युवक दिन दहाड़े ही नदी किनारे नशे व तम्बाकू का सेवन कर रहे हैं, इनकी इन हरकतों से घाटों व नदी किनारे आ रहे श्रद्धालुओं व अन्य आम जनमानस को वास्तव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, पुलिस द्वारा इन युवकों को सख्त फटकार लगाते हुए चेतावनी दी गयी व इनका उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम व कोटपा अधिनियम के तहत चालान भी किया गया। इसी प्रकार से जनपद पुलिस के स्तर से केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भी इसी प्रकार की कार्यवाही प्रचलित है।

## मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी गिरफ्तार



हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव कासमपुर बोड्डाहेड़ी में गोकशी की तैयारी कर रहे आरोपी को पथरी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, उसका एक साथी फरार होने में कामयाब रहा। एसएसपी अजय सिंह ने घटनास्थल का दौरा कर अधीनस्थों से घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने फरार आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए।

शनिवार देर रात पथरी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव कासमपुर बोड्डाहेड़ी के जंगल में गोकशी की जा रही है। सूचना मिलने पर पथरी पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस कुछ समझ पाती कि तभी आरोपियों ने उन पर फायरिंग कर दी गई। पुलिस टीम ने जवाब में फायरिंग की। परिणाम स्वरूप एक आरोपी के पैर में गोली जा लगी, जिसके बाद उसे पुलिस टीम ने दबोच लिया जबकि एक आरोपी फरार हो गया।

### बीएड की प्रवेश परीक्षा में 180 अभ्यर्थी हुए शामिल

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को बीएड की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए 207 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रवेश परीक्षा के संयोजक डॉ. प्रकाश चंद्र पंत ने बताया कि रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में बीएड की 50 सीटों पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए 207 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 180 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। डॉ. पंत ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की आंसर–की 23 मई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी। जिसके बाद 26 मई को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र–छात्राएं प्रश्न और विकल्प पर अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद प्रवेश परीक्षा का परिणाम 30 मई को जारी कर दिया जाएगा।

## जीएसआर और मैक्स क्रिकेट एकेडमी ने जीते मुकाबले

देहरादून। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर–19 जिला क्रिकेट लीग में जीएसआर क्रिकेट एकेडमी और मैक्स क्रिकेट एकेडमी ने अपने–अपने मैच जीते। रामराज क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को पहला मैच तनुष क्रिकेट एकेडमी और मैक्स क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। तनुष क्रिकेट एकेडमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.1 ओवरों में 146 रन बनाकर ऑल ऑउट हो गई। मैक्स क्रिकेट एकेडमी की ओर से दीपक बिष्ट ने तीन, अक्षत और दीपक ने 2 –2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैक्स क्रिकेट एकेडमी ने 30.4 ओवर में आठ विकेट खोकर जीत गई। जिसमें रूद्र ने 49 रन, दिव्यांशु थपलियाल ने 27 रन का योगदान दिया। मैक्स एकेडमी ने दो विकेट से मुकाबला जीता। दूसरा लीग मैच हरिपुर क्रिकेट क्लब और जीएसआर क्रिकेट एकेडमी के मध्य एमएएमएस क्रिकेट ग्रांउड पर खेला गया। हरिपुर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते 124 रन का लक्ष्य रखा। जीएसआर क्रिकेट एकेडमी की ओर से मो. रजा, कैफ़, कृष्णा कुमार और देवांश ने दो–दो विकेट लिए।

# आईआईएस के छह एथलीटों ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया



नई दिल्ली ,। रांची में 18 मई को 26वीं नेशनल फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के समापन के साथ इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के छह एथलीटों ने प्रतिष्ठित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चलीफाई किया। एशियाई चैंपियनशिप बैंकाक में 12 से 16 जुलाई, 2023 तक होगी।

प्रिया मोहन 53.40 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पर प्रहार करते हुए 400 मीटर की स्पर्धा में कट बनाने वाली पहली महिला थीं जबकि 20 वर्षीय 2021 सीनियर नेशनल चैंपियनशिप से अपनी खुद की टाइमिंग को पार नहीं कर सकीं लेकिन टाइमिंग यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त था कि वह योग्यता मानकों को पूरा करें।

मोहन के साथ, आईआईएस जम्पर्स ने भी प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण छाप छोड़ी। रुबीना यादव ने 1.80 मीटर की उंची कूद के साथ एशियाई चैंपियनशिप के लिए चलिफिकेशन मार्क को तोड़ दिया, ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनय शेट्टी ने 1.76 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में जेसी संदेश ने 2.18 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता।

दूसरी ओर, एंसी सोजान ने पहले ही मार्च में भारतीय ग्रांप्री -1 में अपनी छाप छोड़ दी थी, जहां उन्होंने 6.49 मीटर की छलांग लगाई थी। उन्होंने 6.56 मीटर की छलांग लगाकर अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 6.55 मीटर को पीछे छोड़ दिया, महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में एक नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और स्वर्ण पदक जीता।

अंत में, कूदने वालों में राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता अब्दुल्ला अबूबकर थे जिन्होंने 16.76 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता और ट्रिपल जंप में एशियाई चैंपियनशिप के लिए चलीफाई किया। इसी स्पर्धा में कार्तिक उन्नीकृष्णन ने 16.44 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर रजत पदक जीता।

अंत में, यह भाला फेंक इकाई थी जिसने एशियाई चैंपियनशिप के लिए दो स्थान हासिल करते हुए फेडरेशन कप में मंच को रोशन किया। रोहित यादव ने 83.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण जीता, और मनु डीपी ने 82.95 मीटर के थ्रो के साथ रजत जीता, दोनों ने एएफआई द्वारा निर्धारित 78.23 मीटर के एशियाई चलिफिकेशन मार्क को क्रमशः श्रृंखला के अपने दूसरे थ्रो में आसानी से पार किया। योग्यता के अलावा, कई अच्छे परिणाम थे। माधवेंद्र सिंह और सचिन बीनू ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 14.01 सेकेंड और 14.23 सेकेंड के समय के साथ क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। थ्रो स्पर्धाओं में दमनीत सिंह ने हैमर थ्रो में 64.91 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता।

# श्रीसंत ने की भारत के युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की तारीफ

नई दिल्ली । चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ के लिए चलीफाई करने के लिए सुपर सैटरडे को दोपहर के मैच में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी और बाद में कोलकाता नाइट राइडर्स शाम के मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेगी।

एक जीत सीएसके और एलएसजी के लिए प्लेऑफ बर्थ की पुष्टि करेगी जबकि डीसी और केकेआर विपक्षी टीमों के खेल को खराब करने और चीजों को और जटिल बनाने के लिए सामने आएंगे।

भारत के पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच विजयी अर्धशतक बनाने के लिए भारत के युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की सराहना की है। शॉ - जिनका आईपीएल 2023 में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था - को लगभग एक महीने तक बेंच पर बैठने के बाद मौका मिला।

दाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज ने धर्मशाला में बल्ले से महत्वपूर्ण योगदान दिया और टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि मुंबईकर इस सीजन का अंत शानदार तरीके से करेंगे।

स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर श्रीसंत ने कहा, मैं पृथ्वी शॉ से बहुत खुश हूं कि सीजन के आखिरी छोर पर उनके नाम पर कुछ रन आये। वह सीएसके के खिलाफ भी इसे जारी रखेंगे ।

श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना एक और युवा खिलाड़ी हैं जो मैच में आकर्षण का केंद्र होंगे। सीएसके के तेज गेंदबाज ने येलो आर्मी के लिए अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम के लिए जीत में एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि युवा तेज गेंदबाज का कप्तान एमएस धोनी ने अच्छा उपयोग किया है और गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो उन्हें अच्छी तरह से तैयार कर रहे हैं।

पथिराना का एमएस धोनी द्वारा शानदार उपयोग किया गया है। वह अपने छोर से रनों के प्रवाह को रोकते हैं। अपने अनूठे एक्शन से उनकी गेंदों को समझना बहुत मुश्किल है। सीएसके के गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो ने उन्हें अच्छी तरह से निर्देशित किया है और युवा खिलाड़ी सीएसके के लिए ब्रावो की भूमिका निभा रहे हैं।

डबल हेडर के दूसरे गेम में, ईडन गार्डन्स में एलएसजी का सामना केकेआर से होगा और क्रुणाल पांड्या की अगुआई वाली टीम को उत्साही केकेआर को हराने के लिए एक कठिन कार्य का सामना करना होगा।भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस - जो हाल ही में अपने प्रदर्शन से तहलका मचा रहे हैं - एक आभासी चर्टर फाइनल में सुपर जायंट्स के लिए महत्वपूर्ण होंगे।स्टोइनिस अकेले दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। जिस तरह से यॉर्कर पर भी वह छक्के मारते हैं, उससे साबित होता है कि वह कितनी ताकत पैदा करते हैं। वह बहुत बुद्धिमान बल्लेबाज हैं और स्थिति के अनुसार खेलते हैं।केकेआर अपने आखिरी लीग खेल को उच्च स्तर पर समाप्त करने की उम्मीद कर रहा होगा। जीत नीतीश राणा एंड कंपनी के दिमाग में होगी क्योंकि वे इस संस्करण में आखिरी बार घर पर खेलेंगे।

# प्लेऑफ में चेन्नई की धमाकेदार एंट्री, गायकवाड़- कॉन्वे की तूफानी पारी से दिल्ली को रौंदा




नई दिल्ली ,। चेन्नई सुपर किंग्स ने जैसे ही दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2023 के 67वें लीग मैच में हराया। वैसे ही आईपीएल के 16वें सीजन के प्लेऑफ के लिए चलीफाई भी कर लिया है। चेन्नई ने दिल्ली की टीम को इस मैच में 77 रनों से हरा कर प्लेऑफ में धमाकेदार एंट्री की है। इतना ही नहीं, एमएस धोनी की कप्तानी वाली टीम ने लगभग दूसरा स्थान भी प्वाइंट्स टेबल में हासिल कर लिया है, क्योंकि इस स्थान पर रहकर टीम को फाइनल में पहुंचने के दो चांस मिलते हैं।

यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया था, जिसमें चेन्नई टीम के ऋतुराज गायकवाड़ और डेवॉन कॉन्वे ने धमाकेदार पारी खेली।

चेन्नई की टीम के खाते में अब 17 अंक हो गए हैं। लखनऊके भी उतने अंक हो सकते हैं, लेकिन लखनऊको नेट रन रेट के हिसाब से चेन्नई से आगे निकलने के लिए बड़े अंतर से केकेआर को हराना होगा। आईपीएल 2023 का 68वां लीग मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच कोलकाता में खेला जा रहा है। अगर मैच में एलएसजी को नंबर 2 पर पहुंचने के लिए 97 रनों से जीत चाहिए।

## आईपीएल में इस बल्लेबाज के नाम दर्ज हुआ अजीबोगरीब रिकार्ड, सोशल मीडिया पर लोग निकाल रहे गुस्सा



नई दिल्ली । राजस्थान रॉयल्स के स्टार ओपनर जोस बटलर ने आईपीएल के 2023 सीजन की जोरदार शुरूआत की थी। लेकिन जैसे-जैसे सीजन आगे बढ़ा, उन्हें अपने प्रदर्शन में असंगति का सामना करना पड़ा।बटलर ने एक अवांछित आईपीएल उपलब्धि दर्ज की है। बीती रात पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आखिरी लीग मैच में 0 पर आउट होने के बाद, उन्होंने एक सीजन में सबसे ज्यादा डक (5) का रिकॉर्ड दर्ज किया। हर्शल गिब्स (डेक्कन चार्जर्स, 2009), मिथुन मन्हास (पुणे वारियर्स इंडिया, 2011), मनीष पांडे (सनराइजर्स हैदराबाद, 2012), शिखर धवन (दिल्ली कैपिटल्स, 2020), निकोलस पूरन (सनराइजर्स हैदराबाद, 2021) और इयोन मोर्गन (कोलकाता नाइट राइडर्स, 2021) सभी के नाम एक सीजन में चार आईपीएल डक थे। इंग्लिश व्हाइट-बॉल कप्तान अब नेटिजन्स की आलोचना का सामना कर रहा है। ट्विटर पर एक ने लिखा, आईपीएल 2022 में ऑरेंज कैप और आईपीएल 2023 में 5 डक. मैं जोस बटलर के लिए आईपीएल 2023 में 5 डक दोहराता हूं। आपकी माफी उतनी ही जोर से होनी चाहिए जितनी आपकी बेइज्जती थी! एक अन्य ने लिखाः ?जोस बटलर के लिए भयानक मौसम।

# कैमरून ग्रीन के शतक पर झूमा मुंबई इंडियंस का खेमा




नई दिल्ली, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के हुए मुकाबले में कैमरून ग्रीन ने आईपीएल सीजन की सबसे तेज सेंचुरी जड़ी। ग्रीन ने 47 गेंद पर नाबाद 100 रन की पारी खेली। मुंबई ने करो या मरो मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया। कैमरून ग्रीन के शतक पर रोहित शर्मा, ईशान किशन और सचिन ने खास अंदाज में सेलिब्रेट किया।

गौरतलब हो कि वानखेड़े में गए मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी की। मयंक अग्रवाल और विवरांत शर्मा की अर्धशतकीय पारी की बदौलत हैदराबाद ने 5 विकेट के नुकसान पर 200 रन का स्कोर बनाया। विवरांत ने आईपीएल में अपनी पहली हाफ सेंचुरी लगाई। वहीं, मयंक ने 83 रन की पारी खेली। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

**कैमरून ग्रीन ने जड़ा आईपीएल करियर का पहला शतक**

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की शुरुआत खराब रही। ईशान किशन 14 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा ने कैमरून ग्रीन के साथ मिलकर टीम को स्कोर के पास तक ले गए। इस दौरान रोहित ने अर्धशतक पूरा किया। वह 56 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ग्रीन ने सूर्यकुमार (25) के साथ मिलकर मैच खत्म किया। 18वें ओवर में ग्रीन ने एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया।

**प्वाइंट्स टेबल पर चौथे स्थान पर मुंबई**

बता दें कि इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। 14 मैच में 8 जीतकर 16 अंक हासिल किए हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। उसे आरसीबी और गुजरात के मैच पर निर्भर होना पड़ेगा।

## फिल्मी सफर

# तेरे इश्क में घायल में नवीना बोले ने लापरवाह महिला की निभाई भूमिका



एक्ट्रेस नवीना बोले का मानना है कि तेरे इश्क में घायल का कॉन्सेप्ट अलग और पर्दे पर लाना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने अपनी भूमिका के बारे में भी बात की और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में उससे बिल्कुल अलग है।

उन्होंने कहा, यह प्यार कुछ ऐसा है जो शायद आपको चोट पहुंचाएगा। ऐसा कुछ करने का प्रयास करना निमार्ताओं के लिए सराहनीय है। शूट करना और अमल करना एक मुश्किल काम है। जिस तरह से वे शॉट लेते हैं वह भारतीय टीवी के काम करने के तरीके से अलग है।

शो में नवीना एक बेपरवाह महिला का किरदार निभा रही हैं जो एक जगह नहीं रहती है। वह जिप्सी की तरह है जो नई जगहों पर जाती रहती है। अब वह बहुत लंबे समय के बाद अपने बच्चों के पास घर लौटी है और उन्हें नहीं पता कि वे उस पर कैसी प्रतिक्रिया दें। उनका बेटा उसे नौकरी दिलाने की कोशिश कर रहा है और वह मूल रूप से एक स्वतंत्र है। मेरा किरदार वैम्पायर डायरीज में केली डोनवन की कहानी से प्रेरित था। इसलिए मैंने शो के लिए तैयारी करते समय यूट्यूब पर उनके कुछ सीन देखे।

उन्होंने कहा, वह अपने किरदार से ज्यादा रिलेट नहीं करती हैं और इससे रोल निभाने प्ले में बहुत मजा आता है। वास्तविक जीवन में, मैं बहुत ज़िम्मेदार और परिवार से बंधा हुई हूं और मुझे अपने परिवार और उन लोगों की परवाह है जिन्हें मैं प्यार करती हूं। मैं उतना बेफिक्र और बिंदास नहीं हूं, इसलिए मैं जो हूं उससे बहुत अलग किरदार निभा रही हूं, जो मजेदार है।

नवीना को मिले जब हम तुम में दीया, जीनी और जूजू में प्रिया और इश्कबाज में टिया का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है।

यह पूछे जाने पर कि कौन सी भूमिका उनके दिल के सबसे करीब है, उन्होंने जवाब दियाः ऐसी और भी भूमिकाएं हैं जिन्हें पसंद किया गया, लेकिन मुझे लगता है कि जीनी और जू में प्रिया खास थी। मैं अपने किरदार से संबंधित थी। वह अपने जीवन के प्यार को लेकर रक्षात्मक थी।

## पलक तिवारी नहीं बनना चाहती थीं टीवी एक्ट्रेस

एक्ट्रेल पलक तिवारी, जिन्होंने हाल ही में सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की. उन्होंने टेलीविजन में अपना करियर नहीं बनाने के अपने कारणों को साझा किया है. पलक ने कहा, जैसा कि उनकी मां श्वेता तिवारी एक पॉपुलर टेलीविजन एक्ट्रेस हैं, उनके लिए टेलीविजन इंडस्ट्री में एंट्री करना आसान नहीं था, लेकिन तब भी उन्होंने इसके बजाय फिल्मों पर ध्यान केंद्रित करना चुना.पलक ने कहा, मुझे पता था कि मैं फिल्में करना चाहती हूं मुझे लगता है कि मेरी मां ने इतने सालों तक टीवी किया और उन्होंने सब कुछ बहुत अच्छे से संभाला और किया. मेरे करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है. और वैसे भी हमेशा तुलना ही होगी, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे टीवी में कभी मौका नहीं मिला.

# द केरला स्टोरी के निर्माता ने दान किए 51 लाख रुपये




ब्रिटेन में द केरला स्टोरी की रिलीज के बाद फिल्म की टीम ने फिल्म की सफलता का जश्न मनाने के लिए मीडिया को संबोधित किया। इसके निर्माताओं के अनुसार, फिल्म आज भारत में 190 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकती है। द केरला स्टोरी को कुछ राजनीतिक दलों और समूहों का विरोध भी करना पड़ रहा है, जिन्होंने दावा किया है कि फिल्म तथ्यों पर आधारित नहीं है और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाती है।पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में द केरल स्टोरी पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है और तमिलनाडु में प्रदर्शकों ने इसे सिनेमाघरों से वापस ले लिया है, लेकिन फिल्म अभी भी व्यावसायिक रूप से सफल रही है।प्रेस कॉन्फ्रेंस में, फिल्म निर्माता, विपुल अमृतलाल शाह ने दावा किया कि सच्चाई को उजागर करना सवोपरि था।लोग यह दावा करने की कोशिश कर रहे हैं कि यह फिल्म नकली है, निर्माता झूठ बोल रहे हैं और फिल्म गंदी है, जो ऐसा नहीं है। शाह ने कहा कि फिल्म सिर्फ तीन लड़कियों की कहानी से बड़ी है।शाह ने इस अवसर आर्ष विद्या समाज आश्रम को 51 लाख रुपये का दान करने की घोषणा की, जो धर्म परिवर्तन से बचे लोगों की देखभाल करता है। निर्माताओं ने फिल्म के कलाकारों के साथ मीडिया से बातचीत करने के लिए आश्रम की 26 लड़कियों को भी आमंत्रित किया।गौरतलब है कि द केरल स्टोरी राज्य की महिलाओं के एक समूह की कहानी है, जो इस्लाम में परिवर्तित हो जाती हैं और जिहादी समूह आईएसआईएस में शामिल हो जाती हैं।

# पुष्पा 3 की योजना बना रहे निर्माता, आएगा जबरदस्त ट्विस्ट- रिपोर्ट

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा की जबरदस्त दीवानगी देखने को मिली थी। अब प्रशंसक बेसब्री से फिल्म के सीच्ल का इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही पुष्पा 2 से अल्लू अर्जुन का लुक भी जारी किया गया था।

फिल्म का टीजर देखकर प्रशंसक उत्साहित हो गए थे। अब प्रशंसकों को खुश करने वाली एक और खबर सामने आई है। चर्चा है कि फिल्म निर्माता फिल्म का तीसरा भाग भी लाने की तैयारी में हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माता फिल्म के तीसरे भाग की योजना बना रहे हैं और इसका नाम पुष्पाः द रूल बिगिन्स होगा। खबरों की मानें तो तीसरे भाग में फिल्म में जबरदस्त ट्विस्ट आएगा और इसमें अंतरराष्ट्रीय ऐंगल भी शामिल हो जाएगा।

तीसरे भाग में पुष्पा एक खूंखार डॉन बन चुका होगा। पिछले साल फहद फासिल ने भी फिल्म की तीसरी किश्त की ओर इशारा किया था। उन्होंने कहा था कि निर्देशक सुकुमार के पास पर्याप्त कंटेंट है।

हाल ही में जारी हुआ पुष्पा 2 का टीजर

फिलहाल दर्शक पुष्पा 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले जारी हुए टीजर में देखा गया था कि पुष्पा तिरुपति जेल से फरार हो जाता है, जिसके बाद पुलिस से लेकर मीडिया तक, हर कहीं बस एक ही सवाल है कि आखिर पुष्पा है कहां? इसी बीच एक पल के लिए सबकुछ थम जाता है, जब अचानक पुष्पा को जंगल में देखा जाता है और उसकी एंट्री से चीता भी भाग खड़ा होता है।

ऐसी होगी पुष्पा 2

पुष्पाः 2 की बात करें तो एसपी शेखावत की पुष्पा से दुश्मनी दूसरे भाग में भी जारी रहेगी। शेखावत का किरदार अभिनेता फहद फासिल ने निभाया था। रश्मिका मंदाना, श्रीवल्ली का किरदार निभाती दिखेंगी। फिल्म में कई और नए किरदार भी देखने को मिलेंगे। फिल्म का बजट 400 करोड़ रुपये तय किया गया है। पुष्पा 2 में अभिनेता सज्जाद डेलाफ्रूज, अल्लू के साथ दो-दो हाथ करते दिखेंगे। फिल्म में राम चरण भी मेहमान भूमिका में नजर आ सकते हैं।

# बदल रही इंडस्ट्री, महिलाओं को हीरो के रूप में दिखाया जा रहाः अलाया एफ



एक्ट्रेस अलाया एफ वर्तमान में सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म यू-टर्न में पीटिंग इंटर्न राधिका की मुख्य भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। उनके रोल को एक खास फ्लाईओवर पर यू-टर्न पर होने वाली दुर्घटनाओं की जांच करने का काम दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट में मुख्य भूमिका निभाने का बहुत दबाव होता है क्योंकि निमार्ताओं को अभिनेता से बहुत उम्मीद होती है, उनपर एक अतिरिक्त दबाव होता है।

अलाया ने कहा कि वह एक ऐसे सिनेमा का हिस्सा बनकर खुश हैं, जहां महिला किरदारों के इर्द-गिर्द ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट बन रहे हैं।

उन्होंने कहाः बहुत दबाव है, मैं झूठ नहीं बोलूंगी, लेकिन कभी-कभी आपको इसमें कूदना पड़ता है। मैं इस बारे में चिंतित थी, लेकिन फिर आप खुद को याद दिलाते हैं कि आप एकता मैम जैसी हस्ती के साथ काम कर रहे हैं जो इस उद्योग में मजबूत और शक्तिशाली बॉस महिला हैं। लैंगिक पक्षपात या भूमिकाओं ने उनके व्यक्तित्व को कभी प्रभावित नहीं किया। यह उन पर लागू नहीं होता।

निर्माता एकता कपूर के बारे में अधिक बताते हुए, अलाया ने कहाः वह इतने लंबे समय से एक बॉस महिला रही है। वह डर, अहंकार जैसी चीजों को कभी भी अपने ऊपर हावी नहीं होने देती है।

अलाया ने 2020 में कॉमेडी फिल्म जवानी जानेमन से एक्टिंग की शुरूआत की, और बाद में वह फ्रेडी, ह्यलगभग प्यार विद डीजे मोहब्बत में दिखाई दीं, और ह्यबड़े मियां छोटे मियां, ह्यश्री और ह्यएक और गजब कहानी के प्रोजेक्ट का भी हिस्सा हैं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इंडस्ट्री में चीजें बदल रही हैं और आजकल कई फिल्में में महिला अभिनेताओं को हीरो के रुप में दिखाया जाता हैं।

उन्होंने कहा, अपनी पहली फिल्म से ही मैं अपनी हर फिल्म में शानदार और साफ-सुथरे किरदारों की पेशकश के लिए वास्तव में आभारी हूं। यह एक आशीर्वाद है। यह सबसे अच्छी पीढ़ी है जहां फिल्में हैं।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338